हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 20.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 61 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 336217 (IPRD) 24-25

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में राम प्रसाद महतो घायल

**बिष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत के ऊंचा घाना गांव के निवासी रामप्रसाद महतो पिता काली महतो उम्र 41 वर्ष लगभग, अपने निजी कार्य हेतु दिनांक 19 सितंबर 2024 को हजारीबाग अपनी दो पहिया वाहन जे एच 02 अश 4462 से जा रहे थे इसी क्रम में हजारीबाग मेरु के आस पास गिर पड़े, जिससे उन्हें माथे एवं शरीर के अन्य अंगों में चोट लगी है । ग्रामीणों की सूझबूझ से उन्हें तीन पहिया वाहन से सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक इलाज के दौरान उन्हें होश नहीं आया था एवं सदर अस्पताल हजारीबाग से बेहतर इलाज हेतु रेफर करने की बातचीत चल रही थी। इस घटना से घर के परिजनों के बीच गम का माहौल बना हुआ है। हालांकि घटना होने की पूरी जानकारी का पता नहीं चल पाया है।

### पांकी में मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर महिलाओं ने शुरू किया आंदोलन



**पांकी (पलामू) :** पलामू जिला के पांकी प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज जेएसएलपीएस के तहत 1500 रुपए मानदेय पर कई वर्षो से महिलाओं काम कर रही है। तथा ये महिलाएं अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। इसी लेकर गुरुवार को तेतराई बुनियादी स्कूल के परिसर में पांकी प्रखंड महिला कैडर संघ का एक विशेष बैठक मीरा देवी की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिसमें संक्रिय महिला सदस्य पद पर कार्यरत के महिलाओं ने 15 हजार रुपए मानदेय की मांग की है। जबकि वीओए आठ हजार, सीएलएफ पदाधिकारी छह हजार, एकेएम, एपीएस तीन हजार, समूह के बीके का दो हजार रुपए साथ ही सभी पदों पर कार्यरत महिलाओं का मातृत्व अवकाश और समय पर मानदेय देने की मांग की है। इस दौरान मौके पर पांकी प्रखंड संघ की अध्यक्ष सुशमा देवी, बबीता देवी,सचिव रानी देवी,सुरमील देवी,कोषाध्यक्ष चिंता देवी, सुषमा देवी,उपाध्यक्ष रजली कुमारी,मीरा कुमारी तथा उपसचिव ममता देवी,मीणा देवी तथा सदस्यों में पुनम देवी,प्रीती कुमारी,मीरा कुमारी, बिना देवी,बबीता देवी, प्रियंका कुमारी,रीमा देवी,सबिता देवी प्रियंका कुमारी,जबिना खातुन, ममता कुमारी सहित खरछढर के सैकड़ों महिलाएं शामिल थी।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर थाना क्षेत्र के एन एच 98 स्थित बैराही मोड़ के समीप गुरुवार को ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बैराही मोड़ के समीप लाइन होटल के पास घटी। जानकारी के अनुसार मेदनीनगर की ओर से आ रही बाइक संख्या जे एच 01 भी 7919 स्प्लेंडर बाइक पर सवार मेदनी नगर के बारालोटा निवासी रतन महतो और मेदिनीनगर के बैरिया चौक निवासी रंजीत कुमार विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ऐन एल 01 ए ए 7827 की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालक रतन महतो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां से मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल को मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। उक्त मामले पर छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि उक्त दोनों वाहनों को जप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के लिए बनाए परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षकों के बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आज 19 सितंबर को नगर भवन में हुई आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत आगामी जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के आलोक में आयोजित होने वाले झारखंड स्टाफ सलेक्शन परीक्षा में संलग्न सूची के अनुसार सभी केंद्रो के केंद्राधीक्षकों के साथ प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त एवं सुगमता पूर्वक संचालन हेतु तैयारी के निमित्त ब्रीफिंग की गई। उपायुक्त ने इस दौरान सभी उपस्थित केंद्राधीक्षकों को आयोजित होने वाले परीक्षा के समयावधि का विशेष ध्यान रखना को कहा,साथ परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा घड़ी,मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, कैलकुलेटर या किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रवेश न हो यह सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि हजारीबाग में लगभग 26 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला में 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। यह प्रतियोगिता परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। उपायुक्त ने उपस्थित सभी केंद्राधीक्षको को विवाद रहित एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा को संपन्न कराने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। सभी परीक्षा केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश पुलिस प्रशासन को दिया। उन्होंने संपूर्ण परीक्षा अवधी के दौरान स्टैटिक एवं फ्लाइंग मजिस्ट्रेट को क्रियाशील रहने का निर्देश दिया। इस दौरान सभी केंद्राधीक्षको को आवश्यक सामग्रियों/किट का भी वितरण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त के अलावा, एसडीपीओ शिवाशिष कुमार, बरही एसडीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी बीडीओ एवं सीओ,पुलिस प्रशासन के अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने की बिजली विभाग के जीएम से मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विगत महीने भर से बिजली समस्या से परेशान रेवाली ग्राम के लोगों ने लिखित आवेदन के साथ हजारीबाग बिजली विभाग के महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात की एवं उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। दरअसल पहले रेवाली गांव में हजारीबाग के लोहसिंहना फिडर से बिजली सप्लाई की जाती थी परंतु इधर कुछ दिनों से कटकमदाग प्रखंड के पसई गांव में बने नई पावर ग्रिड से बिजली सप्लाई की जाने लगी तथा इसके बाद लगातार बिजली की समस्याएं देखने को मिलने लगा एवं पिछले कुछ दिनों से तो 24 घंटे में मात्र 2 से 4 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पा रही थी । ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से पुराने फिडर लोहसिंघना से पूरे रेवाली गांव को बिजली सप्लाई करने की मांग की जिस पर जीएम दिनेश कुमार सिंह ने विचार करने का आश्वासन दिया एवं उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही वर्तमान फिडर में भी सुधार कर लिया जाएगा एवं उसके बाद बिजली आपूर्ति निर्वाध रूप से चालू रहेगी । ग्रामीण जीएम दिनेश कुमार सिंह के आश्वासन से संतुष्ट दिखें एवं जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलाने की उनसे मांग की । इस दौरान वहां खुद पंचायत के पूर्व मुखिया एवं मसारतु पंचायत के वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि धीरज सिन्हा, मसरातु पूर्वी के पंचायत समिति प्रतिनिधि शक्ति सिंह, सुनील सिंह, उपेंद्र सिंह, उदय राय, पंकज राम, किशन सिंह, शेखर सिंह, संजय राम, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## हजारीबाग पहुंचकर जल सहिया संघ ने विधायक अंबा प्रसाद का जताया आभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का जलसहिया संघ ने आभार व्यक्त किया। दिन बृहस्पतिवार को पूरे जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से आए जलसहिया दीदियों ने विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास पहुंचकर गुलदस्ता भेंट करके व रंग अबीर लगाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान जल सहियाओ ने विधायक अंबा प्रसाद को फूल माला से लाद दिया । अंबा प्रसाद जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को मिठाई खिलाकर अभिवादन स्वीकार किया विधायक ने कहा कि यह जीत आप लोगों के कठिन परिश्रम की जीत है मैं सिर्फ एक माध्यम थी। उन्होंने कहा कि जल सहिया संघ के और भी अधिकार दिलवाने का कार्य करूंगी, उनकी चिर प्रतिक्षित मांगों को पूरा करने के लिए सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। वहीं इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर मन मोह लिया। अंबा प्रसाद ने सभी को गले लगा कर एवं रंग आबीर लगाकर खुशियां दुगुना कर दी। जिला अध्यक्ष सपना शर्मा ने बताया कि जल सहिया संघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर कई दिन से प्रयासरत थी विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने में भरपूर सहयोग मिला। कई बार उन्होंने इस मामले को विधानसभा में उठाया मुख्यमंत्री से लेकर विभागीय मंत्री तक कई बार बैठके करवाने का कार्य किया। अंततः पिछले कैबिनेट की बैठक में हमारा मानदेय 1000 से बढ़कर 2000 किया गया जिसके लिए हम सभी विधायक अंबा प्रसाद व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष सपना शर्मा, जयंती कुमारी, लक्ष्मी पांडे, उर्मिला देवी,मंजू देवी, निशांत जहां, नमिता कुमारी, ममता कुमारी, अर्चना रंजन, कविता देवी, पुष्पा देवी, नीलम देवी,उषा रानी, सुनीता देवी, ललिता देवी, लक्ष्मी, गुलाब देवी, रिंकी देवी, निखत परवीन, सुलोचना देवी, रीता लकड़ा, जुबेदा खातून, शहजादी खातून, पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी की सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में हुई मांडू विधानसभा स्तरीय बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** कांग्रेस पार्टी की सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में मांडू विधानसभा स्तरीय बैठक हुई । इस बैठक का अध्यक्षता चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम एवं मंच संचालन उप मुखिया अभिजीत सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद सह हजारीबाग लोकसभा पर्यवेक्षक छाया वर्मा, उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि छाया वर्मा ने अपने संबोधन में सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया की बूथ स्तर पर बूथ के एजेंट को सम्मान देना एवं बूथ कमेटी मजबूत करना साथ ही साथ चार-पांच बूथों के साथ सप्ताह में एक-एक सम्मेलन करना। ताकि हमारा आने वाला विधानसभा में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। वहीं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक माननीय श्री जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की मांडू विधानसभा में 1985 से लेकर आज तक यह सीट हम लोगों के परिवार के पक्ष में रहा है इससे पूर्व में पांच बार हमारे पिताजी स्वर्गीय टेकलाल महतो जी विधायक रहे हैं और अभी वर्तमान में तीन बार के विधायक मैं खुद रहा हूं इससे यह मैं कहना चाहता हूं कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार बनकर जीत सुनिश्चित कर कांग्रेस पार्टी की झोली में भरने का काम करूंगा और कांग्रेस पार्टी के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे जी का हाथों को मजबूत करूंगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद,। झारखंड प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा जी उपस्थित रहे। वही हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि पूरे मांडू विधानसभा में प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक संगठन मजबूत है आने वाला विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव अखंड भारत के बढ़ते कदम : रंजीत चंद्रवंशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** भाजपा प्रखर वक्ता सह पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्री परिषद की बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव का निर्णय का आज पूरा देश स्वागत कर रहा है। यह निर्णय अखंड भारत के बढ़ते कदम है। श्री मोदी जी ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटाकर और तीन तलाक हटाकर यह साबित कर दिया है कि भारत में एक निशान एक संविधान है। भारत की संस्कृति, सभ्यता एवं विचार एक है। आने वाले दिनों में संपूर्ण देश इसी विचार को लेकर आगे बढ़ेंगे। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में जी 20 की बैठक हुई थी। उस बैठक में भी सर्वसम्मिति से एक राष्ट्र एक परिवार का निर्णय हुआ था। देश में एक राष्ट्र एक चुनाव 2029 में लागू होने जा रहा है। आने वाले 2047 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला राष्ट्र बन जाएगा। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कोने कोने तक रेलवे ट्रैक को जहां एकीकरण है, वहां दोहरीकरण और जहां दोहरीकरण है वहां रेलवे तीसरीकरण का कार्य देश में चारों तरफ चल रहा है और जो छोटे-छोटे रेलवे स्टेशन एवं हॉल्ट बनाए गए थे। उन सभी हॉल्टो और स्टेशनों को अमृत भारत योजना लाकर सभी स्टेशनों एवं हॉल्टो को अपग्रेड कर स्टेशन का दर्जा देकर यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान कर रही है।

# महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर : उमाशंकर अकेला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के विजैया, बरसोत, बरही और खोड़ाहर में झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन समिति की महिलाओं ने संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया। इस सभा का जीबी (जनरल बॉडी) बैठक धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक कार्यों में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहे। उनके अलावा बरसोत में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और प्रखंड प्रमुख मनोज रजक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विजैया में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम और पूर्व मुखिया दसरथ यादव भी इस महत्वपूर्ण बैठक का हिस्सा बने। संकुल की महिलाओं ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पुष्पवर्षा और तिलक से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में महिलाओं के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा, महिलाएं आज समाज की रीढ़ बन चुकी हैं। वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को सशक्त बना रही हैं। जेएसएलपीएस जैसी संस्थाओं द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम सराहनीय हैं। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जो महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही हैं।

**महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भूमिका पर चर्चा:**


बैठक में यह चर्चा हुई कि कैसे जेएसएलपीएस की मदद से महिलाएं आजीविका के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की भी जानकारी दी गई, जो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही हैं। बरसोत में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने भी महिलाओं के इस योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**समाज को दिशा दे रही हैं महिलाएं**

इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाएं न केवल घर की जिम्मेदारियों को निभा रही हैं, बल्कि समाज और देश की प्रगति में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। जीबी बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विचार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव का यशवंत सिन्हा ने किया विरोध



**हजारीबाग :** अटल विचार मंच के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने वन नेशन वन इलेक्शन (एक देश और एक चुनाव)के प्रस्ताव का घोर विरोध करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि एक देश एक चुनाव के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तानाशाही स्थापित करना चाहते हैं। संसदीय लोकतंत्र में यह संभव नहीं है, जब तक की संसदीय लोकतंत्र की आत्मा को ही कुचल नहीं दिया जाए। आज के दिन शासन में बैठे लोगों से कहीं अधिक समझदार और विद्वान लोग संविधान सभा में उपस्थित हैं। स्वयं संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी और प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जिन्होंने संविधान का निर्माण किया उन्होंने इस प्रकार की व्यवस्था के बारे में इसलिए नहीं सोचा क्योंकि यह संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। अटल विचार मंच इसका विरोध करती है क्योंकि हम सब तानाशाही के खिलाफ हैं और हम आशा करते हैं कि देश की जनता इस खतरनाक व्यवस्था को सीधे से खारिज करेगी। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

### चोरों के बढ़े मंसूबे, सरकारी विद्यालय के दूसरे तल्ले से उड़ा ले गए कंप्यूटर सहित अन्य सामग्री



**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में चोरों के मंसूबे कुछ इस कदर बढ़ गया है कि शहर के बीचो बीच स्थित मिडिल स्कूल को भी नही बख्सा, बुधवार की रात्रि कुछ अज्ञात चोरों ने स्कूल के दूसरे तल्ले से ताला तोड़कर एक कम्प्यूटर सेट सहित दो किबोर्ड, दो हेडफोन साथ ही तीन कनेक्टर बॉक्स कंप्यूटर से जोड़ने वाला पार्ट्स उड़ा ले गए।इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापिका आरती कुमारी ने छतरपुर थाना में लिखित आवेदन देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापिका आरती कुमारी ने बताया कि एक पूरा कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामान चोरी तो हो गई परंतु विद्यालय में अभी और भी कंप्यूटर सहित अन्य बहुत सारे सामान रखा हुआ है।जिसकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है। मालूम हो कि इस विद्यालय में चार दिवारी नहीं होने के कारण शाम होते ही यहां शहर के मनचले एवं असामाजिक तत्व के लोगों को मंडराना आम बात सी हो गई है। आपको बताते चलें कि विद्यालय के छुट्टी के दिन उसके प्रांगण का लाभ लेकर कई राजनीतिक दलों के द्वारा यहां कार्यक्रम किया जाता रहा है परंतु किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा विद्यालय के चार दिवारी को लेकर संभवतः आवाज नहीं उठाई गई है।

### उपायुक्त ने संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन को लेकर की बैठक




**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त,सहायक पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सेंटर सुपरिटेंडेंट,स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे।बैठक में उपायुक्त रंजन ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है जिसमें कई छात्र भाग लेंगे। इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए आपसबों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी संबंधितों से जेएसएससी प्रतियोगिता परीक्षा के सभी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करवाने की बात कही।उपायुक्त ने सभी उड़नदस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो। पुलिस पदाधिकारी अपने संबंधित मजिस्ट्रेट के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराना सुनिश्चित करें :डीसी बैठक में डीसी रंजन ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी अपने संबंधित मजिस्ट्रेट के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सेंटर के आसपास कहीं कदाचार ना हो,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट मशीन के प्रचार को लेकर जागरुकता रथ को किया रवाना




**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जिले में ईवीएम व वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत डेमोंस्ट्रेशन वैन तैयार किया गया है। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिये इन जागरूकता वैन को रवाना किया गया है। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केंद्र में मतदाताओं को दी जाएगी।सभी हाट बाजार अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को ईवीएम के प्रति जागरूक किया जायेगा। पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिए रूट चार्ट निर्धारित किया गया है। ईवीएम डिमॉन्स्ट्रेशन सेंटर समाहरणालय एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में भी स्थापित किया गया है।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 20.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 61 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## हेमन्त सोरेन ने गढ़वा एवं लातेहार जिले को 1197 करोड़ 62 लाख रुपये की 748 योजनाओं की दी सौगात

# झारखंड पर पूंजीपतियों की गिद्ध नजर : मुख्यमंत्री




'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित करते व योजनाओं का उद्घाटन करते सीएम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को गढ़वा के मेराल प्रखंड स्थित दुलदुलवा पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गढ़वा एवं लातेहार जिले को 1197 करोड़ 62 लाख रुपये की 748 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें गढ़वा जिला अंतर्गत 732 करोड़ 50 लाख 37 हजार 800 रुपये की 113 योजनाओं का शिलान्यास तथा 260 करोड़ 92 लाख 61 हजार रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। लातेहार जिले में 109 करोड़ 22 लाख 16 हजार 368 रुपये की 144 योजनाओं का शिलान्यास एवं 94 करोड़ 98 लाख 22 हजार 924 रुपये की 469 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर गढ़वा जिले के 25044 लाभुकों के बीच 38 करोड़ 94 लाख 15 हजार 800 रुपये एवं लातेहार जिले के 197184 लाभुकों के बीच 167 करोड़ 14 लाख 6 हजार 904 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के लिए 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपके चेहरे की खुशी यह बता रही है कि हमारी जन कल्याणकारी योजनाएं आपको कितनी पसंद आ रही हैं। हमारा मकसद ना सिर्फ आपकी समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' एक मजबूत और बेहद कारगर कार्यक्रम साबित हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव और देहात से चल रही है ताकि सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क बना रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गांव, पंचायत एवं टोला-मोहल्ला में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बीडीओ- सीओ जैसे जिन अधिकारियों को आपने कभी देखा नहीं, वे आपके दरवाजे पर आकर सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ने का काम कर रहे हैं। मैं भी विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे विशेष शिविरों में लगातार शामिल हो रहा हूं, ताकि आपके साथ सीधा संवाद करने के साथ सरकार की योजनाओं की हकीकत को जान सकूं।

### हर कदम पर हम आपके साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। चाहे कोविड का वह भयावह दौर हो या आज पूरे मान-सम्मान के साथ आपको हक-अधिकार देने की बात। सरकार हर मोर्चे पर आपको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि अगले 5 वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपये पहुंचाएंगे। हम आपको इतना सशक्त बनाएंगे कि किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी।

### नारी सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है। इस कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से हम आधी आबादी को मान-सम्मान देने का काम कर रहे हैं। आज 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की लगभग 50 लाख माताओं और बहन-बेटियों को हर महीने एक हजार रुपये राशि दे रहे हैं। इनके खाते में दूसरी किस्त की भी राशि भेजी जा चुकी है। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि यह योजना निरंतर चलेगी, ताकि इस राज्य की बहन-बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकें।

### किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए कर रहे हैं प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। इस कड़ी में बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी-बाड़ी योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि वे वैकल्पिक खेती के लिए आगे आएं, ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, बूढ़े-बुजुर्ग, महिला, नौजवान और बच्चे बच्चियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज कोई भी बूढ़ा-बुजुर्ग बिना पेंशन के नहीं है। 50 लाख महिलाओं को सम्मान राशि मिल रहा है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ कर दिए गए हैं।

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पलामू प्रमण्डल के आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पुलिस उप महानिरीक्षक वाई एस रमेश तथा गढ़वा एवं लातेहार जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### वन नेशन, वन इलेक्शन की मंजूरी क्षेत्रीय मुद्दों को खत्म करने की भाजपा की चाल : हेमन्त



**रांची :** वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट की मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर लिखा, एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव लोकतंत्र की मूल भावना पर कुठाराघात है। यह हमारे संघीय ढांचे को कमजोर करने और राज्यों की स्वायत्तता को नष्ट करने का एक षड्यंत्र है। इस प्रस्ताव से लोगों की आवाज दबाई जाएगी और उनके मतदान के अधिकार का अपमान होगा। डिमोनेटाइजेशन की जन-विरोधी एवं असफल नीति की तरह ही यह कदम डी-डेमोक्रेटाइजेशन की तरफ धकेलने का प्रयास है। हम इस अलोकतांत्रिक कदम का पुरजोर विरोध करते हैं। एक अन्य पोस्ट में हेमंत सोरेन ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन क्षेत्रीय मुद्दों को खत्म करने की भाजपा की चाल है। यह देश के संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था पर भी कुठाराघात है। झामुमो इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची पहुंचीं राज्यपाल व सीएम ने किया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि झारखंड आगमन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इन्होंने गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर राष्ट्रपति का अभिनंदन किया।

यहां बता दें कि राष्ट्रपति 20 सितंबर को रांची के नामकुम स्थित इंडियन कौंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा, दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता, जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया। कार्यक्रम स्थल के आसपास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा। कार्यक्रम स्थल में सिर्फ पास युक्त लोगों को ही प्रवेश करने दिया जाएगा।

### अमित शाह आज साहिबगंज में करेंगे जनसभा



**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को सुबह 11:00 बजे दिल्ली से देवघर आएंगे। वहां से सीधे भोगनाडीह जाएंगे। वहां वीर शहीद सिद्धो कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाह भोगनाडीह से 12:30 बजे साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान पहुंचेंगे। वहां जनसभा को संबोधित करेंगे और संताल परगना परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री गिरिडीह जिले के जमुआ स्थित झारखंडी धाम 3:00 बजे पहुंचेंगे। वहां शिव दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद 3:30 बजे धनबाद प्रमंडल स्तरीय परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। साथ ही, परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे।

**बीजेपी के अन्य नेताओं का कार्यक्रम :-**

- केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 22 सितबंर को झारखंड आएंगे।
- 23 सितंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी झारखंड आएंगी।
- 28 सितंबर को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आएंगे।
- उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ 21 सितंबर को झारखंड आएंगे।
- 24 सितंबर को मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव आएंगे।
- 24 सितंबर को छत्तीसगढ़ के सीएंम विष्णुदेव साय आएंगे।

## चाईबासा में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार की सुबह सारंडा जंगल के इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक 209 कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया है। उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है। जहां उनका इलाज राज अस्पताल में चलेगा। मामला छोटानागरा थाना क्षेत्र के बाबुडेरा की है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। नक्सलियों के खिलाफ



चलाये जा रहे अभियान के दौरान ये घटना हुई है। दरअसल पुलिस को ये सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान के सारंडा जंगल के क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा और जराईकेला के सीमावर्ती वाले जंगल में संयुक्त अभियान चलाया। जंगल में माओवादियों ने नक्सलियों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले ही आईईडी लगा रखा था। जिसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया।

घटना के बाद उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। बताया जा रहा है कि नक्सली अब भी जंगल में छिपे हुए हैं। इस वजह से सुरक्षाबलों ने इस अभियान को तेज कर दिया है।

### जदयू नेत्री के आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद

**पटना :** पूर्व एमएलसी एवं जदयू नेत्री मनोरमा देवी के गया स्थित घर में चल रही एनआईए की छापेमारी में टीम ने उनके आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद किया है। गुरुवार सुबह से एनआईए ने बिहार के गया में जदयू के पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर छापेमारी की। करीब 5-6 घंटे की छापेमारी में एनआईए ने पूर्व एमएलसी के आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद किया है। एनआईए ने नोटों को गिनने के लिए मशीन भी मंगवाई है। एनआईए की छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नोट बरामद हुई है। एसबीआई बैंक से नोट गिनने की मशीन लाई गई।

## बिहार के नवादा में महादलित बस्ती में आगजनी मामले में 11 गिरफ्तार, पुलिस कर रही कैम्प

एजेंसी

**नवादा :** बिहार के नवादा में महादलित टोला में दलित दबंगों ने बुधवार की शाम को फायरिंग करते हुए लगभग 80 घरों मैं आगजनी के मामले में पुलिस ने गुरुवार की सुबह तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पुष्टि नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने की है। डीएम आशुतोष वर्मा का कहना है की घटना के बाद पुलिस पहुंचकर सख्त कार्रवाई की है। दंडाधिकारियों के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल को प्रभावित गांवों में तैनात कर दिया गया है,




ताकि किसी अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सके।

उन्होंने अभी बताया कि इस अग्निकांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे। सभी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर महादलित टोले में निकट के ही प्राणबीघा दलित टोले के नंदू पासवान के नेतृत्व में 100 से भी अधिक बंदूक हरियो ने गांव को घेर कर आग के हवाले कर दिया था। जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने भी 21 घरों को पूर्ण रूप से जलने की पुष्टि की है।एक दर्जन से अधिक मवेशी की मौत आग में झुलस कर हो चुकी है। जिसके बाद बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस कैंप कर रही है। पूरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। इस घटना में कई मवेशी भी जलकर मर गई।

## मेरा मिशन जम्मू-कश्मीर को अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से मुक्त कराना : मोदी

एजेंसी

**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की प्रशंसा करते हुए गुरुवार को कहा कि उनका अंतिम मिशन केंद्र शासित प्रदेश को तीन परिवारों- अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार की 'राजनीतिक जागीरदारी' से पूरी तरह मुक्ति दिलाना है।

श्री मोदी ने यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम सोनवार में खचाखच भरी जनसभा में यह बात कही। उन्होंने अपना भाषण कश्मीरी में शुरू किया, म्यानीन सारनी केशरें बयान, ते बेनीन चू मायने तरफे नमस्कार (मेरे सभी कश्मीरी भाइयों और बहनों को नमस्कार)। जब भीड़ 'मोदी, मोदी' चिल्ला रही थी, तो प्रधानमंत्री ने मंच से कहा, यह नया



कश्मीर है। हमारा प्रयास जम्मू-कश्मीर की प्रगति और विकास है। मैं आज देख सकता हूं कि मेरे भाई-बहन खुशामदीद पीएम के नारे लगा रहे हैं। मैं आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

श्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है। उन्होंने कहा, कल सात जिलों में पहले चरण का चुनाव हुआ, पहली बार आतंकवाद की छाया के बिना चुनाव हुए। यह वास्तव में गर्व का क्षण था कि कल इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के लिए निकले।

प्रधानमंत्री ने कहा, किश्तवाड़ में 80 प्रतिशत, डोडा में 71 प्रतिशत से अधिक, रामबन में 70 प्रतिशत और कुलगाम में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इस प्रतिशत ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया देख रही है कि कैसे जम्मू-कश्मीर के लोग भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देता हूं। राज्य के दर्जे के बारे में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और यह भाजपा ही करेगी।

अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के खिलाफ अपने हमले को जारी रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक ये पार्टियां बेचैन हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों में डर और अनिश्चितता पैदा की है। लेकिन अब समय बदल गया है, हम लोगों को इन परिवारों के जाल में नहीं फंसने देंगे। श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन आतंकवाद को हराना है और जम्मू-कश्मीर को फिर से परिवारवाद का शिकार नहीं बनने देना है।

उन्होंने कहा, ये पार्टियां बच्चों को स्कूल जाने से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस जैसी पार्टियां स्कूलों को जलाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि उनका मिशन जम्मू-कश्मीर के युवाओं को पर्याप्त अवसर प्रदान करना है ताकि वे अपने भविष्य का चुनाव अपने ही देश में कर सकें। उन्होंने कहा कि 1980 से ये तीनों परिवार जम्मू-कश्मीर को अपनी 'राजनीतिक जागीर' मानते आ रहे हैं, इसलिए वे कभी भी पंचायत, ब्लॉक विकास परिषद और जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव कराने में रुचि नहीं रखते थे।

## बन्ना गुप्ता ने झारखंड पवेलियन का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** झारखंड के उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 19 से 22 सितंबर तक शुरू हुए मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' में झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड फूड एंड फीड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पालिसी का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड पवेलियन का मुख्य उद्देश्य विश्व भर से आए देश के भागीदार और नए निवेशकों के लिए उपयुक्त राज्य झारखण्ड में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना व झारखंड प्रदेश की फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के उत्पादों को लोगों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर झारखंड के उद्योग विभाग के सचिव जीतेन्द्र सिंह, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव और संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पॉल मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान झारखंड के उद्योग विभाग के सचिव जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष झारखंड उद्योग विभाग ने इस मेगा फूड इवेंट में 13 प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल लगाई हैं। इनमें 3 स्टाल झारखंड सरकार के विभाग या उपक्रम हैं। बाकी निजी संस्थानों के स्टाल हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य प्रकृति का खजाना है। झारखंड राज्य में बहुत से खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उत्पाद उत्पादित किये जा रहे हैं, जिनकी बिक्री देश, प्रदेश के अलावा विदेशों तक की जा रही है। इस इवेंट से हमारे उत्पादों को विश्वस्तरीय पटल मिलेगा।

गुरुवार को शुरू हुए मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के दौरान झारखंड पवेलियन में लगे स्टालों पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई एवं लोगों ने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के बारे में जानकारी ली। स्टॉल पर जहां मशरूम से बने विभिन्न उत्पाद जैसे पापड़, अचार, चटनी, जैम ने लोगों को जमकर आकर्षित किया। रागी (मिलेट्स की एक किस्म) से बनी मिठाई और नमकीन को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा मखाना एवं फूड पल्प से जुड़े पेय भी लोगों को पसंद आ रहा है।

## एक नजर

### दिव्यांगके खाते से 10,000 रुपये की फर्जी निकास

**चैनपुर** : मैं चाहे ये करूं मैं चाहे वो करूं मेरी मर्जी के तर्ज पर इन दिनों चैनपुर प्रखंड के अनुबंध कर्मी ऑपरेटर कार्य कर रहे हैं। उनकी मर्जी से पेंशन का पी. पी. ओ. नंबर की एंट्री होगी। चैनपुर में अबुवा आवास का भी एंट्री उनके मर्जी और चहेते व्यक्ति को ही मिलेगा। इतना ही नहीं फर्जी तरीके से कंप्यूटर ऑपरेटर ई पोस मशीन के माध्यम से कई लाभुकों को शिकार बना चुके हैं। कुछ इसी तरह का ताजा मामला गुरुवार को देखने को मिला। जहां दिव्यांग सूरज कुमार गोप चैनपुर निवासी से प्रज्ञा केंद्र चैनपुर में अमित मौर्य के द्वारा बैलेंस चेक कराने के नाम पर ले जाकर ई पोस मशीन में अंगुठे का ठप्पा लगा 10 हजार रु की फर्जी निकासी करा लिया। वहीं सूरज कुमार गोप को बता दिया गया कि तुम्हारे खाते में मात्र 2000 रुपए है। जब सूरज कुमार के मोबाइल नंबर में मैसेज आया तो पता चला कि 10000 रु की निकासी 27 अगस्त को कर ली गई है । इस मामले को लेकर सूरज कुमार को पोस्ट ऑफिस जाकर अपने खाता को चेक कराया तो पता चला कि 10000 की निकासी उसके खाते से हो गई है। इसके बाद इसकी शिकायत सूरज कुमार ने चैनपुर बीडीओ यादव बैठा के पास जाकर किया। जहां बीडीओ के द्वारा यह कह कर भेज दिया गया कि आज स्टाफ लोग नहीं है।

### भाजपा युवा मोर्चा ने सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**बोकारो** : भारतीय जनता युवा मोर्चा, बोकारो जिला द्वारा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन इंडियन रेडक्रास सोसायटी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष श्री जयदेव राय जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह जी, भाजयुमो बोकारो जिला अध्यक्ष श्री विनोद कुमार जी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री जयदेव राय जी ने कहा – भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज के लिए खड़ी रहती है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी निरंतर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों की चिंता कर रहे हैं, इसलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा समाज के असहाय और जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर रही है ताकि इस वजह से किसी की जान नहीं जाए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री विनोद कुमार जी ने कहा – रक्तदान सबसे बड़ा दान है, युवा समाज के कर्णधार है इसलिए युवाओं को आगे आकर समाज हित में रक्तदान करना चाहिए। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से युवा मोर्चा पूरे झारखंड प्रदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, रवि रंजन तिवारी, विजय महतो, रुपेश दीक्षित, प्रिंस कुमार समेत भाजयुमो कार्यकर्त्ता एंव युवा साथी उपस्थित रहे।

# सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी अपने दायित्वों का करेंगे निर्वाहन : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : गस्ती दंडाधिकारी व पुलिस बल संबंधित कोषागार से ससमय प्रश्न पत्र का करेंगें उठाव, डीईओ कार्यालय से परिचय पत्र करेंगे प्राप्त कल न्याय सदन सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 21 व 22 सितंबर को होने वाले झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर प्रतिनियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट सह केंद्र पर्यवेक्षक पुलिस पदाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, परीक्षा के नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि 21 व 22 सितंबर को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 आयोजित होने वाली है। इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर यह अंतिम बैठक हैं। कई चरणों में अलग अलग स्तर पर इससे संबंधित बैठक हुई है और दिशा निर्देश दिया गया है। अब किसी तरह का किसी के मन में कोई शंका/संशय की स्थिति नहीं है। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट सह केंद्र पर्यवेक्षक, गश्ती दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से अपने अपने केंद्र निरीक्षण के संबंध में जानकारी ली। प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि सभी ने अपने अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया है एवं केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक भी की है। कहा कि, जिन्होंने अब तक अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण नहीं किया है, वह हर हाल में आज अपने अपनें केंद्रों का जायजा/भ्रमण कर लें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि गश्ती दंडाधिकारी एवं उनके साथ पुलिस बल ससमय कोषागार से प्रश्न पत्र/ओएमआरसीट प्राप्त करेंगे एवं परीक्षा केंद्र पहुंचाएंगे। उन्होंने जिला कोषागार पदाधिकारी को सुनिश्चित करने को कहा कि बिना परिचय पत्र के किसी को भी प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराएंगे। साथ ही ध्यान रखेंगे ही दूर वाले परीक्षा केंद्रों के गस्ती दंडाधिकारी दल को प्रश्न पत्र पहले उपलब्ध कराएंगे। सभी को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से शुक्रवार को परिचय पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री अशोक कुमार को उक्त परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। द्वय पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि कोषागार बोकारो से उक्त परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों को केंद्रवार प्रतिनियुक्त गश्ती दल दंडाधिकारी को ससमय प्राप्त करा दिया जाएगा और परीक्षा समाप्ति के पश्चात सभी व्यवहत एवं अव्यवहत ओएमआर सीट एवं अन्य सामग्री कोषागार में ससमय जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन्हें जो दायित्व दिया गया है वह उसका अनुपालन शत प्रतिशत करें। उसमें किसी भी तरह की कोई शिथिलता

## अज्ञात युवकों ने घर मे घुसकर दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या की



घटना की खबर पाकर धनबाद सांसद दुल्लू महतो पहुंचे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद में घर मे घुसकर अज्ञात युवकों ने की आदिवासी युवती की हत्या, स्थानीय ग्रामीणों ने जताई दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के बरियो की घटना, मौके पर पहुंची स्थानीय गोविन्दपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, शव को लाया गया SNMMCH जीप सदस्य लक्ष्मी मुर्मू एवं बीजेपी नेता धर्मजीत सिंह ,मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग, युवती ने 112 में भी कॉल किया था लेकिन नही मिला सहयोग।

## परीक्षा केंद्र में फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को न्यू टाउन हॉल में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा की कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करेंगे। आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सभी परीक्षार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। जो परीक्षार्थी इसमें सफल होंगे वे अच्छे पद पर काम करेंगे। इसलिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य का कड़ाई से पालन करेंगे। परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखेंगे। कदाचार करते पकड़े जाने पर सेंटर सुपरिंटेंडेंट परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराएंगे। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को बाहर जाने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दंडाधिकारी प्रत्येक परीक्षार्थी की अच्छी तरह से तलाशी लेंगे। आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर तुरंत इसकी रिपोर्ट सेंटर सुपरिंटेंडेंट से करेंगे। फ्लाइंग स्क्वॉड और पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर लेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य की जांच कर लेंगे।

## पूर्णिमा नीरज सिंह ने निजी मद से ऑटो चालकों के बीच कपड़ों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह ने आज झरिया 04 नंबर स्थित वुडलैंड बैंक्वेट हॉल में 150 ऑटो चालकों को ड्रेस (खाकी रंग) का कपड़ा और सिलाई का खर्च अपने निजी मद से उपलब्ध करवाया। विदित हो की दिनांक 11 सितंबर, 2024 को झारखण्ड परिवहन मजदूर यूनियन धनबाद के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान एंव राजू महतो के नेतृत्व में सैकड़ो ऑटो चालकों ने झरिया विधायक श्री सिंह से आवास पर मुलाकात कर परिवहन विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा ऑटो चालकों के लिए ड्रेस कोड (खाकी रंग) आदेश लागू किए जाने से हो रही समस्यों से अवगत करवाया और मांग पत्र सौपा था।

विधायक सिंह ने गरीब ऑटो चालको को आश्वस्त किया था की, जो चालक ड्रेस बनने में सक्षम नहीं है, उन्हें स्वयं अपने निजी खर्च पर परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड के तहत कपड़ा उपलब्ध कराएंगी। संघ के जिलाध्यक्ष के साथ सभी ऑटो चालकों ने वर्दी का कपड़ा और सिलाई खर्च प्राप्त होने पर खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय, हर्ष सिंह, आदर्श सिंह, सूरज सिंह, प्रीतम रवानी, भास्कर झा, रवि रवानी, गौतम यादव, जावेद अंसारी, विकी, गणेश गुप्ता, सतेंद्र साव, मनीष ठाकुर, चांद साह, राजन महतो, रवि गुप्ता, बाजू भाई, पप्पू वर्णवाल, सुनील कुमार पासवान, बसंत चौहान, ललन राम, सपन कु० बाउरी, भोला राम, तारिक अंसारी सहित भारी संख्या में ऑटो संघ के लोग मौजूद थे।

## तांबा, एलमुनियम केबुल स्क्रैप के साथ तीन गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : पिंड्राजोड़ा पुलिस ने एसपी पूज्य प्रकाश के इंटेलिजेंस इनपुट पर सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग स्थित कबाड़ी गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में तांबा पीतल एल्युमिनियम लोहा व केबुल स्क्रैप बरामद किया है। मौके से संचालक व स्टाफ समेत कबाड़ी संचालक को गिरफ्तार किया है ।इस संबंध मे एसडीपीओ पी के सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बांधगोड़ा साइड के बी ब्लॉक के मेहरा टोला मे लगे बीएसएनएल एवं रिलाईनस जियो टावर मे कुछ चोर केबूल काट रहे है, जहाँ पुलिस ने छापेमारी किया जहां से पुलिस को एक स्कूटी मिला। उसके निशांदेही पर पुलिस ने दो अपराधि अमन बास्की, राहुल तांती को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने बबलू कुमार नामक कबाड़ी संचालक के यहां छापेमारी कर चोरी के सामान को बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोरों ने अन्य कई मामलों मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है, एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तीनो को जेल भेजा जा रहा है, जिन्हे रिमांड पर लिया जायेगा।

## प्रोडक्शन की मांग को ले सिंटर प्लांट सीजीएम कार्यालय के समक्ष दिया गया धरना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने प्रोडक्शन रिलेटेड पे माँगो को पुरा करने के लिए आज सिंटर प्लांट सीजीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया है । प्रदर्शन में सिंटर प्लांट में कार्यरत अधिकतर कर्मियों ने भाग लिया । गौर तलब है कि सेल प्रबंधन के एकतरफा बोनस /एएसपीएलआईएस फॉमुर्ला तथा उक्त फॉमुर्ला पर इंटक, बीएमएस, एचएमएस के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर करने के कारण बीएसएल कर्मियों में काफी रोष है । 19.2 मिलियन टन क्रुड स्टील उत्पादन , 12400 करोड़ रुपया एबिटा होने के बावजुद बीएसएल तथा सेल कर्मियों को मात्र 23000 रुपया बोनस जबरदस्ती खाते में भेजा गया । पहले वेज रीविजन , रात्री पाली भत्ता फिर बोनस फॉमुर्ले में एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर आम सहमति की जगह बहुमत से फैसला लेने की परिपाटी लागु की गई । इसका विरोध किसी भी यूनियन नेता ने नही किया । सभी प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रुप से सेल प्रबंधन का समर्थन ही किए । विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि कुंभकर्ण भी 6 माह में जागता था क्योंकि उसे भुख लगती थी, हम सेल /बीएसएल कर्मचारी 94 माह से लाखो रुपया गवाँ कर सोए हुए है। हमे अपनी कुंभकर्णी निंद को तोड़ना होगा । प्रबंधन को पता है कि हस्ताक्षर करने वाले देवेंद्र, विरेंद्र , राजेंद्र जैसे नेताओ को कर्मचारियों का समर्थन प्राप्त नही है ।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर ने रैली का किया आयोजन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चैनपुर** : परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर गोद लिए गए गाँव छतरपुर तक निकाली गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गाँव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना था। रैली में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी स्वच्छता से जुड़े नारों और बैनरों के साथ गाँव की गलियों से गुजरे। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और स्वच्छता अपनाओ, रोगों को भगाओ जैसे नारों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने उन्होंने कहा कि स्वच्छता से न केवल हमारा पर्यावरण साफ-सुथरा रहता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और समाज के विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत गाँव के लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा, गाँव में साफ-सफाई का काम भी किया गया, जिसमें कचरे को इकट्ठा कर उचित तरीके से निस्तारित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और नियमित रूप से सफाई का ध्यान दें। साथ ही स्वच्छता सपथ दिलाया गया । इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। मौके पर यूनिट 2 की प्रोग्राम ऑफिसर अंजना कुजूर एवम सभी स्टाफ मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का इस्पात नगरी में हुआ जोरदार स्वागत



**बोकारो** : जैनामोड में जनता दल यूनाइटेड के प्रधान कार्यालय में राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री खीरू महतो जी उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील , प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्री सरवन कुमार जी का स्वागत में झारखंड प्रदेश जदयू सचिव मनोज कुमार सिंह बोकारो ज़िला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बुके व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया उसके बाद सेक्टर 6 टीवी टॉवर चौक पर जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय जिला महासचिव सुधीर कुमार , जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव दास, पंकज कुमार,सर्बेश्वर साहू, सर्बेश्वर महतो, बसंत नारायण माँझी मनोहर जयसवाल , सुनील दास बबलू दास प्रिंस कुमार महादेव महतो जैना पंचायत समति प्रतिनिधी प्रकाश कुमार ,अशोक महतो ,छोटू महतो लोचन महतो अशोक बरनवाल नकुल महतो सदानंद महतो नेपाल महतो बलराम सिंह निरंजन कुमार लालचंद महतो विजय कुमार महतो राजकुमार महतो सूरज बरनवाल कार्यकारी सदस्यत कृष्ण सिंह , चण्डी कुमार प्रजापति, सच्चिदानंद शर्मा,संजय कुमार,महेश कुमार, गणेश प्रजापति विजय सिंह तोमर, राजन यादव सुमित यादव महेश सिंह लालन प्रसाद सुनील यादव मोहित कुमार महाराजा पांडेय सुमित कुमार लालू प्रसाद सोहन यादव नरेश कुमार महेन्द्र सिंह, ने जोरदार स्वागत किया गया।

### चेक बाउंस मामले का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत तेनुघाट में होगा



**बोकारो** : तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में चेक बाउंस मामलों के सफल समाधान को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने की। बैठक में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए श्री प्रजापति ने लोक अदालत में चेक बाउंस के मामलों को सुलझाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दोनों पक्षों के बीच समझौता कर मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सकता है। अधिवक्ताओं से अपेक्षा की गई कि वे लोक अदालत में मामलों के समाधान में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने अपने स्टाफ को निर्देश दिया कि चेक बाउंस मामलों में निर्गत वारंट का तामिला तुरंत संबंधित थानों से प्राप्त करें ताकि मामलों को तेजी से सुलझाया जा सके। बैठक में कई प्रतिष्ठित अधिवक्ता सुरेश कुमार तिवारी, रतन कुमार सिन्हा, मनबोध कुमार, रमेंद्र कुमार सिन्हा, वेंकट हरि विश्वनाथन, सुभाष कटरियार, शैलेश कुमार सिन्हा, मुरली मनोहर वर्धन, जीवन सागर, महेश कुमार ठाकुर, नरेश चंद्र ठाकुर, निरंजन महतो, अनिल कुमार राजू, पवन कुमार, अशोक कुमार, अरुण कुमार महतो, परमेश्वर ठाकुर, चितरंजन ठाकुर, कल्याण कुमार दे सहित अन्य कई अधिवक्ता मौजूद थे। उन्होंने इस चर्चा में भाग लिया और लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया।

### स्वच्छता के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले : डीडीसी



**बोकारो** : स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर, शहर, गांव एवं मोहल्ले को कचरा मुक्त करना है। इसके तहत आज बोकारो स्टील सिटी अंतर्गत सेक्टर 1 स्थित सिटी पार्क में साफ सफाई के साथ कचरा का उठाव, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। यह अभियान आगामी 02 अक्टूबर 2024 तक जारी रहेगा। मौके पर अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खलको, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला योजना पदाधिकारी श्री राज शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल चास रामप्रवेश राम, सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी, सहायक नगर आयुक्त सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय कर्मचारी एवं नगर निगम के कर्मचारी शामिल हुए। उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने कहा कि लोगों की सहभागिता हो एवं आम नागरिकों में जन जागरूकता स्वच्छता के प्रति उनका सहयोग हो।

**स्वच्छता के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले–**

उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने जिला प्रशासन की ओर से आम नागरिकों से अपील किया कि स्वच्छता के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। साथ ही अपने घर, अपने मोहल्ले, अपने गांव तथा अपने शहर में आप जहां भी हो उसमें अपनी सहभागिता दें और यह संदेश ही नहीं बल्कि अपने दिनचर्या के साथ अपनी आदत में शामिल करें ताकि आपके आने वाली पीढ़ी भी स्वच्छता के प्रति सजग रहे, बीमारियों से दूर रहे एवं पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखें।

### किसान आगे बढ़ेगा तभी देश का विकास होगा : कोचे मुंडा

**खूंटी** : जिले में कार्यरत एफपीओ, तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वबलम्बी सहकारी समिति की चौथी वार्षिक आमसभा गुरुवार को किसान पाठशाला दियांकेल तोरपा में आयोजित हुई। आमसभा का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक कोचे मुंडा, खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य (पूर्वी क्षेत्र ) मनोज कुमार सिंह, मुखिया शिशिर तोपनो और एफपीओ की सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। आमसभा में एफपीओ की अध्यक्ष एतवारी देवी ने एफपीओ द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तोरपा का यह एफपीओ देश के टॉप 75 एफपीओ में शामिल है। उन्होंने बताया कि 101 सदस्यों से शुरू हुए इस एफपीओ में वर्तमान में चार हजार सदस्य हैं। एफपीओ की लेखापाल श्वेता गुड़िया ने विगत वित्तीय वर्ष का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 में एफपीओ ने डेढ़ करोड़ का व्यवसाय किया। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि यहां के एफपीओ प्रधानमंत्री की सोच को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आगे बढेगा, तो देश आगे बढेगा। प्रधानमंत्री किसानों की आय दुगुनी करने के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं। बीडीओ कुमुद कुमार झा ने कहा कि महिलाएं योजनाओं की जानकारी हासिल करें और उनका लाभ लें तथा अपनी आमदनी को बढ़ाये, तभी महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ पाएंगी। जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी। थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने डायल 112 के बारे में बताया।

## एक नजर

### आलमगीर आलम की बेल पर हाई कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची :** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। इससे पहले नौ अगस्त को रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने अपनी बेल के लिए झारखंड हाई कोर्ट में गुहार लगायी है। आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किये थे।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को दुष्कर्म मामले में दोषी करार बिनोद राम को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर एक साल की सजा काटनी होगी। बिनोद एयरपोर्ट थाना के ओबरिया नायक टोला निवासी है। घटना का 26 मार्च 2020 को अंजाम दिया गया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार जब युवती धान कुटाने मील गई थी। युवक ने उसे बहला-फुलसा कर उसे तालाब के किनारे लीची बागान की ओर ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। धमकी दी कि घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़िता के पिता को इस घटना की जानकारी तीन दिन बाद 29 मार्च को हुई। इसके बाद पीड़िता ने युवक के खिलाफ एयरपोर्ट थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी युवक को 31 मार्च 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान पीड़िता सहित सात गवाहों को अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किया गया था।

### पूजा सिंघल की बेल पर ईडी कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस हुई। इसके बाद ईडी ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की। बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुआ था।

### आरडीसीए का एजीएम 28 सितंबर को जेएससीए में

**रांची :** 28 सितंबर को रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) जेएससीए परिसर में होगी। बैठक शाम 4 बजे से जेएससीए परिसर के अकादमी भवन स्थित फोयर हॉल में होगी। बैठक में छह बिंदुओं पर चर्चा होगी। आरडीसीए के सचाव शैलेंद्र कुमार ने सभी मेंबर को सूचना के जारी किया।

# पुलिस सैलरी पैकेज को लेकर झारखंड पुलिस व एसबीआई के बीच हुआ समझौता




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस के लिए एक अच्छी खबर है। पुलिस सैलरी पैकेज को लेकर झारखंड पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ है। यह एमओयू झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता की ओर से डीआईजी बजट और एसबीआई बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर किए। दोनों ने एक दूसरे को दस्तावेज की कॉपी सौंपी।

इसके तहत पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु पर बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर एक करोड़, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 80 लाख तक, वायुयान दुर्घटना पर 1.60 करोड़, नक्सल हिंसा, उग्रवादियों और अपराधकर्मियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही 10 लाख तक ऋण माफी की सुविधा दी जा रही है। इस दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

#### पहली बार आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि दस लाख मिलेगी

पहली बार झारखंड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच सामान्य मृत्यु पर भी दस लाख व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिये बीमा राशि दस लाख और अविवाहित बच्चियों के विवाह के लिए भी बीमा राशि अधिकतम दस लाख दिये जाने का प्रावधान है।

इस एमओयू में स्वैच्छिक मेडिकल सुपर टॉप-अप सुविधा है। जिसमें परिवार के चार सदस्यों के लिये सिर्फ 2495 रुपये में 30 लाख रुपये और 1995 रुपए में 15 लाख रुपये का एक और वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। इस एमओयू के प्रावधानों के तहत भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को रूपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके तहत दुर्घटना आदि में मौत होने पर दस लाख रूपया का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा। यह सभी विशेष बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत खाता धारक को निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही पुलिस कर्मियों के परिवार के चार सदस्यों को निःशुल्क खाता, चेक बुक, एटीएम कार्ड और उन चारों वयस्क सदस्यों का पांच-पांच लाख रूपया, कुल 20 लाख रुपए के बीमा का प्रावधान किया गया है।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर बाबूलाल से मिले अभ्यर्थी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा का आयोजन 21 और 22 सितंबर 2024 को राज्यभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया जाएगा। वहीं नक्सली संगठन भाकपा माओवादी भी 21 सितंबर से 27 सितंबर तक स्थापना सप्ताह मनाएंगे। ऐसे में छात्रों की मांग है कि परीक्षा की तारीख को बदल दिया जाए।

गुरुवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। मुलाकात में हेमंत सरकार द्वारा तय तारीख को बदलने के लिए अभ्यर्थियों ने ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का कहना है कि तय तारीख के अंतराल में ही झारखंड में नक्सली स्थापना दिवस मनाया जाता है और ऐसे समय में अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में शामिल होना काफी जानलेवा हो सकता है।

इस संदर्भ में बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित अभ्यर्थियों की मांगों को सुना एवं यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## हाई कोर्ट ने बर्खास्त जवान की फांसी की सजा को 25 साल की कैद में बदला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रामगढ़ जिले के बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में घुसकर 17 अगस्त 2019 की रात परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या तथा दो लोगों को जख्मी करने के मामले में फांसी की सजा पाए अभियुक्त पवन कुमार सिंह की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील एवं राज्य सरकार द्वारा फांसी को कंफर्म करने वाली याचिका पर गुरुवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने पवन कुमार सिंह की फांसी की सजा के खिलाफ अपील को खारिज कर दिया। साथ ही खंडपीठ ने रामगढ़ की निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई फांसी की सजा को 25 साल की कैद में बदल दिया। खंडपीठ ने सरकार की ओर से पवन कुमार सिंह को फांसी की सजा को कंफर्म करने की याचिका को भी खारिज कर दिया।




बर्खास्त सीआरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को रामगढ़ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 16 मार्च 2023 को सजा सुनाई थी। अदालत ने पवन को धारा 302 के तहत फांसी की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही धारा 307 में 10 साल कारावास और आर्म्स एक्ट में सात साल कारावास की सजा के साथ दोनों ही धाराओं में 10-10 हजार का जुमार्ना भी लगाया। मामले में पूर्व डीएसपी संजीव कुमार बेसरा और मेदांता के चिकित्सक के अलावा सभी 16 की गवाही हुई थी।

मामले के अनुसार पवन रोज रेल कर्मी अशोक राम के घर से दूध लेने आता था। 17 अगस्त 2019 की रात करीब नौ बजे वह अशोक राम के घर दूध लेने गया था। विवाद होने पर उसने अशोक राम समेत परिवार के पांच लोगों को गोली मार दी थी। गोली लगने से अशोक राम व उसकी पत्नी लीला देवी और उनकी गर्भवती पुत्री वर्षा देवी उर्फ मीना देवी की मौत हो गयी थी, जबकि बेटी सुमन देवी तथा पुत्र संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना को अंजाम देने के बाद वह आरपीएफ के बैरक में गया था। हत्या में इस्तेमाल की गयी सरकारी पिस्टल को वह बैरक में ही छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया था। घटना के बाद से वह फरार था। 21 मार्च 2020 को पुलिस ने उसे बिहार के भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

## भुतहा तालाब में भगवान आदियोगी शिव के प्रारूप का हो रहा निर्माण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब का पंडाल कोयंबटूर के आदियोगी के महादेव ध्यान की मुद्रा में बनाया जा रहा है। भगवान आदियोगी के सामने नंदी महाराज और भोले के गले में सर्प होगी। भगवान के शीश पर अर्धचंद्र भी दिखाई देगा। श्री दुर्गा पूजा समिति पिछले 98 वर्षों से नवरात्र में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करती आ रही है।

पंडाल की ऊंचाई 35 फिट,लंबाई 35 फीट,चौड़ाई 40 फीट होगी, जिसमें माता की 16 फिट की दिव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी। प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार रामपाल जी द्वारा किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के कलाकार प्रदीप बंगाली और मातादीन टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा कराया जा रहा है। पूजा समिति के आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने बताया कि आकर्षक विद्युत सज्जा,तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड, प्रतिमा, पूजन सामाग्री आदि कर कुल मिलाकर लगभग सात लाख पचास हजार रूपए खर्च किए जाएंगे।

लल्लू सिंह ने बताया कि सप्तमी को नव प्रतिमा प्रवेश के बाद श्रद्धालु के लिए पट खोल दिया जाएगा और साथ ही सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी एवं विसर्जन के दिन भी भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि मां भवानी अपने भक्तों को रांची के भुतहा तालाब में ही कोयंबटूर की तर्ज पर बने आदियोगी पंडाल में दर्शन देंगी। वहीं पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे, गार्ड वॉलिंटियर्स मौजूद रहेंगे।

## राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित हुए महाप्रबंधक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजभाषा पखवाड़ा 14 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक आरडीसीआईएस, रांची में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन संदीप कुमार कर कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस, रांची के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे आरडीसीआईएस, रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित हुए एवं हिन्दी राजभाषा के महत्व को दैनिक कार्यो मे शामिल करने के लिए रुचि दिखाई। कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन मे आरडीसीआईएस के रांची स्थित एवं प्लांट सेंटर के अधिकारी एवं कार्मिक ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। आरडीसीआईएस, रांची मे राजभाषा पखवाड़े के दौरान विभिन कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा जिसके लिए कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस ने कार्मिको को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

# आरएसएस कौन होता है आदिवासियों की धर्म-संस्कृति निर्धारित करने वाला : बंधु तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों की पहचान बतानेवाला आरएसएस कौन होता है। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर आपने किस अधिकार के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आदिवासियों की धर्म एवं संस्कृति को निर्धारित करने की हैसियत रखता है। श्री तिर्की ने कहा कि आरएसएस के अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संचार प्रमुख प्रमोद पेठकर का वह बयान बहुत अधिक आपत्तिजनक है। जिसमें उन्होंने भारत के सभी जनजातियों को मूल रूप से हिंदू कहा है। पेठकर के बयान को पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आदिवासियों की अस्मिता के साथ ही उनकी पहचान को मिटाने की आरएसएस की वही पुरानी साजिश है, जिस रास्ते पर वह निरंतर आगे बढ़ रहा है।

#### आरएसएस ही है असली सरना धर्म कोड विरोधी



तिर्की ने कहा कि अपने एक बयान से ही संघ ने यह साबित कर दिया है कि आदिवासियों की मौलिक पहचान से संबंधित मांग सरना धर्मकोड का वह न केवल विरोधी है। बल्कि संघ परिवार पूरी तरीके से आदिवासी पहचान और अस्मिता को समाप्त करने के लिये गहरी साजिश के तहत योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है।

तिर्की ने आरोप लगाया कि संघ के साथ ही भाजपा द्वारा राज्य में पैराशूट से उतारे गए नेताओं के द्वारा झारखंड एवं यहां की सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव में जहर घोलने का काम किया जा रहा है। हर सप्ताह झारखंड के अलग-अलग स्थानों पर बयानबाजी करनेवाले हेमंत विश्व सरमा और शिवराज सिंह चौहान जैसे नेताओं की बातें जमीन से बिल्कुल कटी हुई है। उसका यहां के जनमानस से कोई मतलब नहीं है।

तिर्की ने कहा कि सरना धर्म कोड, पांचवी अनुसूची, जल-जंगल-जमीन, वन संरक्षण अधिनियम के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा झारखण्ड के केन्द्र सरकार पर बकाया 1 लाख 36 हजार करोड रुपए की रॉयल्टी का अविलंब भुगतान करने जैसे बेहद गंभीर विषयों पर भाजपा का कोई भी नेता कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। झारखंड की जनता पूरी तरीके से सावधान है और वह भाजपा और आरएसएस की साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट ने हत्या मामले में फांसी की सजा पाए अभियुक्त को किया रिहा



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में गर्भवती पत्नी और एक साल की बेटी की हत्या मामले के आरोपित आनंद कुमार दांगी को बरी कर दिया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने फांसी की सजा पाए आनंद कुमार दांगी को साक्ष्य के अभाव में रिहा किया है। हाई कोर्ट ने यह फैसला फांसी की सजा को कन्फर्म करने को लेकर राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका एवं सजा के खिलाफ आनंद कुमार दांगी की अपील पर गुरुवार को सुनाया। सितंबर 2023 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह ने चौपारण थाना क्षेत्र निवासी आनंद कुमार दांगी को फांसी की सजा सुनाई थी। आरोप है कि आनंद दांगी ने वर्ष 2018 में अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं उसने घर में सो रही एक साल की बच्ची को भी कुएं में फेंक दिया था। जांच में पाया गया कि उसकी पत्नी गर्भवती थी। अदालत ने आनंद कुमार दांगी को आईपीसी की धारा 302 के तहत फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि धारा 315 के तहत उसे 10 साल की कारावास और पांच हजार रुपये जुमार्ना की सजा भी सुनाई थी। पुलिस ने वर्ष 2018 में मृतिका अंगिरा के पिता प्रीतम दांगी के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ चौपारण थाना में कांड संख्या 312/ 2018 दर्ज की थी। बताया जाता है कि अंगिरा की शादी आनंद कुमार दांगी के साथ साल 2014 में हुई थी। दोनों की एक बच्ची थी जो वारदात के वक्त एक साल की थी। यही नहीं मृतका पत्नी छह माह की गर्भवती भी थी। पुलिस ने छानबीन में पाया था कि आनंद कुमार दांगी का किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध था। इस वजह से वह पत्नी और बच्ची को रास्ते से हटाना चाहता था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाहों के बयान कोर्ट के समक्ष दर्ज कराए गए थे।

### तालाब में डूबकर नाबालिग की मौत

**रांची :** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू तालाब में गुरुवार को डूबकर एक नाबालिग की मौत हो गयी। उसकी पहचान इरशाद( 14) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि इरशाद गुरुवार को नहाने के लिए कडरू तालाब गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर इरशाद को बचाने की कोशिश की। लेकिन वो उसे बचा नहीं सके।बच्चे के परिजनों का कहना है कि अगर प्रशासन समय पर मदद करता तो बच्चे को डूबने से बचाया जा सकता था। घटना के बाद आक्रोशितों लोगों ने हज हाउस के पास टायर जलाकर आगजनी कर लगभग दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस वजह से अरगोड़ा चौक से डोरंडा आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम में स्कूली बसें भी फंसी रही। सड़क जाम की सूचना पर मौके पर अरगोड़ा थाना की पुलिस पहुंची है और स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास की। लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद हटिया डीएसपी सहित कई थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर जाम समाप्त करवाया।

### आज रांची के सभी सिनेमा हॉल में महज 99 रुपये में मिलेंगे टिकट

**रांची :** 20 सितंबर को नेशनल सिनेमा डे सेलिब्रेट किया जा रहा है। जिसे लेकर सभी थिएटर्स में टिकट का प्राइज 99 रुपए रखा गया है। इसी कड़ी में राजधानी के थिएटर आईलेक्स, फन सिनेमा, पीवीआर, सिनेपॉलिस, पीजेपी सभी में 20 सितंबर को सभी टिकट, सभी शो और किसी भी मूवी का प्राइज 99 रुपए रखा गया है, बस रिक्लाइनर सीट को छोड़कर। रिक्लाइनर के टिकट की कीमत सभी सिनेमा हॉल में अलग-अलग है। रिक्लाइनर के टिकट को भी आम दिनों से कम रखा गया है। लोगों को ये टिकट 150 से 200 रुपए में मिल जायेगा। अगर कोई मूवी देखने का प्लान कर रहे हैं, तो वो इस ऑफर का फायदा उठा सकते हैं।

### नक्सलीय स्थापना दिवस पखवाड़ा में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : सुनील कुमार सिंह



**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा सामान्य स्नातक यानि सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को होने वाली है। और इसी पखवाड़े में 21 से 27 सितंबर तक नक्सलीय स्थापना दिवस है। इसको लेकर परीक्षार्थियों के अंदर भय व्याप्त हो रहा है, की ऐसे में किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इसे लेकर छात्राओं के साथ उनके परिवारों को भी चिंता सता रही है। इस निमित झारखंड के विभिन्न जिलों से छात्र-छात्राओं द्वारा बुधवार को रांची में सुरक्षा के निमित्त अपनी मांगों को लेकर जेएसएससी के चेयरमैन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, तथा राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें परीक्षार्थियों का कहना है कि झारखंड में 21 सितंबर से 27 सितंबर तक नक्सली स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवधि के दौरान नक्सली संगठन छोटे-मोटे हमले कर सकते हैं। दुर्भाग्यवश इसी समय जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को निर्धारित की गई है। इस संवेदनशील अवधि में कई परिवार अपने बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से घर से बाहर जाने से रोक रहे हैं। परीक्षा में लगभग 6:50 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे, और इतनी बड़ी संख्या में भीड़ के साथ नक्सली संगठन को हमले का अवसर मिल सकता है। विशेष रूप से छात्र परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप, और विभिन्न प्रमुख चौक चौराहों का उपयोग करेंगे,जहां पर भारी भीड़ रहेगी। नक्सलियों का नजर मुख्य स्टॉप और चौक चौराहों पर रहता है, जिससे उन्हें आसानी से सफलता मिल सकती है। इसके अलावा छात्रों की आवागमन के दौरान भारी मात्रा में परिवहन का उपयोग होगा। जिससे मार्गों पर लैंड माइंस की संभावना बढ़ जाती है जिससे एक बड़ा सुरक्षा संकट उत्पन्न हो सकती है। इस विषय को लेकर विद्यार्थियों की एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह से मिले और लेटर देते हुए सुरक्षा संबंधी अपनी मांगों को लेकर चर्चा की। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की बातों को सुना और सुरक्षा संबंधी उनकी मांगों का समर्थन किया। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार को उत्पाद सिपाही बहाली में 17 अभ्यर्थियों की दौड़ के दौरान मृत्यु होना और लगभग 200 अभ्यर्थियों को डायलिसिस पर हैं। जिससे सरकार को सबक लेना चाहिए? कहा कि 17 उत्पाद सिपाही अभ्यर्थियों की दौड़ में मृत्यु होने की जिम्मेदारी किसकी बनती है? अभी तक पीड़ित परिवारों से मिलने सरकार की ओर से ना कोई नेता, ना मंत्री, ना हीं कोई आलाधिकारी उनसे सुध लेने पहुंचे हैं? जिससे परीक्षार्थियों में भी डर सता रहा है।

# विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव



ललित गर्ग

**केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी।**

अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मजाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है।

दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। ह्यआपह्न की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है।



जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं-अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटोंभरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है?

अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। लेकिन इस तरह की राजनीतिक चतुराई में अगर कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। कुछ लोग इस प्रकार से प्राप्त जीत की खुशी मनाते हैं, कुछ इस प्रकार की हार की खुशी मनाते हैं, जो कभी जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि गलत तरीकों से प्राप्त जीत से सिद्धांतों पर अडिग रहकर हारना सम्मानजनक होता है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है।

केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी। दिल्ली के नागरिकों की अपेक्षाओ पर खरा उतरने के साथ-साथ पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने की चुनौती तो है ही। जाहिर है, आम आदमी पार्टी उनसे यही अपेक्षा करेगी कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आलेख लिखे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### आत्ममंथन का समय

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी समझ से जोरदार राजनीतिक चाल चली है, लेकिन लगता नहीं कि उनको बहुत ज्यादा राजनीतिक लाभ होगा। सबसे पहली बात तो यह है कि केजरीवाल ने अपनी सच्चाई और ईमानदारी पर जनता से फैसला मांगा है। अगर इस बार दिल्ली की जनता उनकी पार्टी के पक्ष में जनादेश देती है तो इसका मतलब होगा कि वे ईमानदार हैं। यह बयान चालाकीपूर्ण है। वास्तव में उनकी ईमानदारी का फैसला अदालत करेगी। जनता ही फैसला करने लग जाए तो जेल से चुनाव जीतने वाले अपराधी बेदाग और ईमानदार हो जाएंगे। दूसरी बात आबकारी नीति के मामले में केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत उनकी पार्टी सवालों के घेरे में हैं। लेकिन पूरे मामले में केजरीवाल आज तक खुलकर यह नहीं बता पाए कि नई आबकारी नीति क्यों लाए और क्यों इसे वापस ले लिया। केजरीवाल की चुप्पी साबित करती है कि कुछ न कुछ तो गड़ब्रड़. है। तीसरी बात आम आदमी पार्टी (आप) की ही नेता रहीं स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर केजरीवाल के करीबी विभव कुमार द्वारा मारपीट के समय स्वयं केजरीवाल और उनकी पत्नी, दोनों मौजूद थे लेकिन आज तक दोनों ने इस मामले में मुंह नहीं खोला जबकि जंतर मंतर पर महिला पहलवानों के धरने पर केजरीवाल ने पहुंच कर उनका समर्थन किया था। कहा था कि दुनिया में देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ी हमारी बेटियां हैं, इन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। वस्तुतः स्वाति मालीवाल के मामले में केजरीवाल और उनकी पार्टी को अधिक नुकसान हुआ है। जनता इन सब चीजों को देखती और परखती है। केजरीवाल और उनकी पार्टी की पहले जैसी छवि नहीं रही है। फिर एक दशक के शासन में आप के विरुद्ध सत्ता विरोधी लहर भी है। अब आतिशी मालेर्ना सिंह को आप के विधायक दल का नेता चुना गया है। आतिशी ने बहुत सक्षम नेत्री के रूप में अपने को स्थापित किया है। वह केजरीवाल के प्रति वफादार हैं और घोषणा कर चुकी हैं कि अपने राजनीतिक गुरो के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल रही हूं और उन्हें वापस लाने के लिए काम करूंगी। यह ठीक है कि आप में केजरीवाल को कोईचुनौती देने वाला नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी गलती-कमियों पर आत्ममंथन करना चाहिए और जनता के सामने सचमुच ईमानदार बन कर रहना चाहिए अन्यथा बदलावकारी राजनीति के लिए उनका आगमन एक दुर्घटना के रूप में दर्ज किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

### पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अत? अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अत? मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार

# प्रत्येक व्यक्ति एक शांति योद्धा बने



गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है और न ही कोई ऐसी चीज है जिसे आप बाजार से खरीद लें या कोई उच्च नीति बनाकर प्राप्त लें। इसे अपने भीतर ही पोषित करना होता है। शांति आपका स्वभाव है। शांति की आवश्यकता तीन स्तरों पर होती है। पहला स्तर है- अपने भीतर की शांति; दूसरा स्तर है- हमारे आस-पास के वातावरण जैसे हमारे परिवार, हमारे मित्रों और कार्यक्षेत्र में शांति; तीसरा स्तर है देशों के बीच शांति। दरअसल व्यक्तिगत शांति के बिना न ही हमारे वातावरण में शांति संभव है और न ही विश्व में। अब यहाँ शांति का अर्थ यह नहीं है कि आप निष्क्रिय रहें। शांतियोद्धा तो किसी भी गलत कार्य को रोकने की इच्छाशक्ति के साथ सक्रिय रहते हैं। वे समाज में गलत कार्यों और गलत करने वाले लोगों को उजागर करते हैं और उनके विरोध में खड़े रहते हैं। तो हममें से प्रत्येक व्यक्ति को एक शांतिदूत और शांतियोद्धा बनना चाहिए ।

जब तक हमारे वैश्विक परिवार का एक-एक सदस्य शांतिपूर्ण नहीं रहता, तब तक हमारी शांति अधूरी है। हमारे सामने यह चुनौती है कि हम उन लोगों, देशों और विश्व के उन भागों में पहुँचें जहाँ शांति नहीं है; जहाँ संघर्ष हो रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में शांति लाने की जिम्मेदारी हमारी है। अधिकतर शांतिप्रेमी निष्क्रिय और मौन रहते हैं लेकिन आज शांतिपूर्ण लोगों को सक्रिय होने की आवश्यकता है। एक बार 1940 के आस-पास महात्मा गाँधी दार्जिलिंग में रेल यात्रा कर रहे थे। उनके साथ पंडित सुधाकर चतुर्वेदी थे जो दक्षिण भारतीय क्षेत्र के लिए उनके सचिव हुआ करते थे। हमने कई वर्ष बाद पंडित जी से शिक्षा ग्रहण की। यात्रा के बीच में ही कहीं, रेल का इंजन और रेल के डिब्बे एक-दूसरे से अलग हो गए। इंजन आगे चला गया और डिब्बे पीछे की तरफ जाने लगे। ऐसा होते ही बाकी यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई लेकिन उसी समय गाँधी जी ने उनसे कहा कि वे कुछ आवश्यक बातें नोट करने पर ध्यान दें जो गाँधी जी उस समय उनसे कह रहे थे। पंडित जी को यह बात काफी अटपटी लगी और उन्होनें गाँधी जी से कहा कि इस समय लोग अपने प्राण बचाने के लिए चिंतित हैं और आप नोट्स लेने के लिए कह रहे हैं। गाँधी जी ने अपने सचिव से कहा कि यदि इस समय कोई दुर्घटना घटी तो हममे से कोई नहीं रहेगा लेकिन यदि हम बच गए तो इस बात का पश्चाताप हमेशा रहेगा कि हमने इतना समय बेकार की चिंता करने में व्यर्थ कर दिया।


जीवन में निरंतर ऐसी परिस्थितियां आती रहती हैं जो आपको विचलित करें पर जब हम भीतर से शांत और केंद्रित होते हैं, तो अपने चारों ओर शांति की तरंगे फैलाते हैं।

लोग अक्सर संकट के समय एकजुट हो जाते हैं, लेकिन क्या हम शांति के प्रसार जैसी किसी सकारात्मक, रचनात्मक और सामंजस्यपूर्ण कार्य के लिए एकजुट हो सकते हैं? यदि हम मानसिक रूप से मजबूत रहें और गलत जानकारियों से प्रभावित न हों, तो हम ऐसा कर सकते हैं। आज के समय में सोशल मीडिया दो-धारी तलवार जैसी है। इससे सही जानकारी भी मिल सकती है और बहुत सी अफवाहें भी फैलाई जा सकती हैं जो कहीं किसी अशांति का कारण बन सकती है, इसलिए इस परिदृश्य को बुद्धिमानी से उपयोग करने की जरूरत है।

शांति का समर्थन करने वाली सामूहिक आवाजों में अपार शक्ति है। कोलंबिया 52 वर्ष से गृहयुद्ध से ग्रस्त था। हमने उनके मुख्य विद्रोही समूह से बातचीत की और वे युद्धविराम के लिए तैयार हो गए। उन्होंने वर्षों से चल रहे सशस्त्र संघर्ष को त्यागकर अहिंसा का मार्ग ले लिया। सब लोग युद्ध का अंत होने पर बहुत खुश थे, उन्होंने शांति का समर्थन तो किया लेकिन जनमत संग्रह में भाग नहीं लिया। परिणाम स्वरूप पहले जनमत संग्रह में शांति प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया। हालाँकि बाद में देश की जनता जागी और उन्होंने शांति को ही चुना पर इसमें और कई प्रयास लगे। इस तरह से इतिहास इसका प्रमाण है कि जनसंख्या का एक छोटा सा प्रतिशत भी एक बड़ा परिवर्तन ला सकता है। तो जो लोग शांति के समर्थन में खड़े हैं उन्हें अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

एक शांत मन प्रभावशाली संवाद कर सकता है; यह समझ देशों और समुदायों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बहुत आवश्यक है। हम सभी को आज इस बात के प्रति सजग होने की आवश्यकता है कि सामुदायिक प्रयासों और आपसी समझ से हम एक सौहार्दपूर्ण और करुणामयी विश्व बना सकते हैं; आइये इसी भावना के साथ हम सब शांति का समर्थन करें, शांति के लिए खड़े हों !

# गंगा जलः घुल रहा आर्सेनिक का जहर



सुरेश भाई



गंगाजल का महत्त्व है कि लंबे समय तक घर में रखने के बाद भी प्रदूषित नहीं होता लेकिन अब स्थिति बदल गई है क्योंकि गंगा के किनारे बसे गांवों में हैंडपंप, पाइपलाइन आदि से जो लाखों लोग पानी पी रहे हैं, उसमें आर्सेनिक की मात्रा काफी बढ़ चुकी है जिसके कारण वे त्वचा में घाव, किडनी, लीवर, दिल की बीमारियां, न्यूरो संबंधी विकार, तनाव और कैंसर से पीड़ित हैं।

गंगा के मैदानी इलाकों में पटना सहित बिहार के 20 जिले इस समय आर्सेनिक पानी पीने के दुष्प्रभाव से कैंसर का सामना कर रहे हैं। यह पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में 10 प्रतिशत से अधिक तेजी से बढ़ रहा है। महावीर कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक जापान के साथ मिल कर इसका अध्ययन कर रहे हैं। इसके लिए डॉ. अशोक कुमार घोष और डॉ. अरु ण कुमार टोक्यो रवाना भी हो गए हैं। बिहार के बक्सर, सारन, समस्तीपुर, वैशाली, किशनगंज भागलपुर, कटिहार, मुंगेर, पटना आदि स्थानों में गॉल ब्लैडर कैंसर रोगियों की गंभीर स्थिति है। इस बाबत शोध 14 मार्च, 2023 को नेचर जर्नल साईंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ जिससे पता चलता है कि आर्सेनिक, प्रभावित आबादी के मानव शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करके पित्ताशय थैली तक पहुंचता है। लंबे समय तक इलाज के अभाव में कैंसर का रूप ले लेता है जिसमें हर साल होने वाली मृत्यु दर में 33 प्रतिशत का इजाफा हो जाता है। 1980 के दशक में सबसे पहले पश्चिम बंगाल के भूजल में उच्च स्तर के आर्सेनिक पाए जाने की बात सामने आई थी। उस समय मानवाधिकार आयोग ने सरकार का ध्यान आकर्षित भी किया था लेकिन इसको कम करने के उपाय की तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। हालांकि कई गैर-सरकारी संगठन इस विषय पर बार-बार अपने शोध कार्यों की चर्चा करते रहे हैं, और इन संगठनों ने अनेक उदाहरण भी अपनी-अपनी रिपोर्टिंग में प्रस्तुत किए हैं।

'इनर वायस फाउंडेशन'(आईवीएफ) के अनुसार 2020 तक 10 लाख से अधिक लोगों की मौत आर्सेनिक वाला पानी पीने से हुई। आर्सेनिक औद्योगिक प्रदूषण, खनन से पैदा होता है। अकेले भारत में 5 करोड़ लोगों के इससे प्रभावित होने का अनुमान है। बांग्लादेश, नेपाल, तिब्बत के कुछ भागों में भी लोग आर्सेनिक के जहर से प्रभावित हैं। देश में कुछ स्थानों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सुरक्षित मानकों से 300 गुना अधिक आर्सेनिक बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के अनेक जिले ऐसे हैं, जहां आर्सेनिक पानी पीने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, और यहां लोगों को बचाने के प्रयास भी नहीं किए जा रहे हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि आर्सेनिक न्यूरोलॉजिकल और रिप्रोडक्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है। बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, जब उनका सिस्टम आर्सेनिक जहर को बाहर निकालने की कोशिश करता है, तो उनके आंतरिक अंग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान बच्चों के वजन में कमी, नवजात की मृत्यु 6 गुना अधिक बढ़ने की आशंका रहती है। मनुष्य ने अपने चारों ओर इतना प्रदूषण पैदा कर दिया है कि अंधाधुंध औद्योगिक अपशिष्टों के माध्यम से भूजल में आर्सेनिक की मात्रा बढ़ रही है। इस तरह के दूषित जल का प्रयोग भोजन बनाने में भी हो रहा है जिससे आर्सेनिक विषाक्तता बढ़ती जा रही है। अधिकांश फसलों की सिंचाई भी दूषित पानी से हो रही है। कीटनाशकों का इस्तेमाल हो रहा है जो भोजन के माध्यम से मनुष्य के शरीर तक पहुंच रहा है। चिकन, चावल, फलों के रस और कुछ मछलियों में भी आर्सेनिक की मात्रा काफी होती है जिसके अधिक से अधिक खाने में उपयोग होने से मानव जीवन खतरे में पड़ गया है। प्राकृतिक रूप से देखें तो मिट्टी और चट्टानों में आर्सेनिक पाया जाता है, जो भूजल में प्रवेश करता है। खनिज अयस्कों के विघटन से भी पानी में विषाक्त तत्व प्रवेश करते हैं। लेकिन विषाक्त तत्वों की मात्रा तभी बढ़ती है जब धरती के पेट में जहरीले रसायन प्रवेश करते हैं।

वैज्ञानिकों ने भोजन और भूजल के माध्यम से आर्सेनिक विषाक्तता के बीच संबंध पाया है, जिसका संबंध कीटनाशक पदार्थों के उपयोग से भी है। कह सकते हैं कि जीवन शैली में प्रदूषणकारी तत्वों का जिस तरह से इस्तेमाल हो रहा है, उसने आर्सेनिक की मात्रा को पानी में बहुत अधिक बढ़ा दिया है जबकि गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता और स्वच्छता के लिए वर्षों से किए जा रहे प्रयास धरती के पेट में पानी के साथ पहुंचने वाले जहरीले तत्वों को रोकने में असफल हैं। अरबों लीटर गंदा जल गंगा में हर रोज उड़ेला जा रहा है। जब तक इसको रोकने का कोई उपाय नहीं होता है, तब तक निर्धारित मानकों से अधिक आर्सेनिक जैसा जहरीला पदार्थ पानी में घुलता रहेगा जिससे कैंसर जैसी बीमारियों से बचना मुश्किल होगा।

## एक नजर

### प्राथमिक विद्यालय में जलापूर्ति की समस्या, बच्चों का स्वास्थ्य खतरे में



**साहिबगंज:** जिला के प्रखंड बरहरवा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ग्राम अंगूठियां में जलापूर्ति की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्यालय के बच्चों को आवश्यक जलापूर्ति न मिलने के कारण उन्हें बगल के पोखरा में जाकर थाली धोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ गया है। गंदे पानी के संपर्क में आने से बच्चों में विभिन्न बीमारियों का पैदा होना स्वाभाविक है। इसके अलावा, पोखरा तक जाने के दौरान बच्चों के साथ कोई भी हादसा हो सकता है, जो कि अत्यंत चिंताजनक है। इस समस्या को देखते हुए, विद्यालय के प्रबंधक और स्थानीय निवासी इस निमित्त उचित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन से निवेदन है कि जलापूर्ति के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाएं ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ जल मिल सके। अगर इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो इसके दुष्प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर गंभीर रूप से पड़ सकते हैं। प्रशासन की तात्कालिक कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे।

### फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन ने किया खेल सामग्री का वितरण



**अनगड़ा:** प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय जोन्हा में फारेस्ट आफिसर्स वाईफ एशोशियशन ने अध्ययनरत बच्चे बच्चियों के शुद्ध पेय जल के लिए एक आर ओ का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के खेल को बढ़ावा देने के लिए फुटबाल जर्सी जूता बोली बॉल नेट कैरम बोर्ड बैड मिंटन सहित कई कई खेल सामग्री का वितरण किया गया। विदित हो कि असोसिएशन के सदस्य गण प्रत्येक सप्ताह सामूहिक रूप से बैठ कर राशि जमा करते हैं और ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी बहुल गांवों के विद्यालयों में इस तरह के कल्याणकारी चीजों का वितरण करते हैं। मौके पर अशोसिएशन के अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, सचिव पूनम रंजन, उप सचिव सुनंदिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांडियन सहित रंजना सामंत, प्रेमिला सिंह, माधवी चटर्जी, लीना गुप्ता नीमा लखी, विशाखा वर्मा आदि सहित काफी संख्या में उत्साहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभुक को दिया गया प्रोत्साहन राशि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के तालझारी थाना अंतर्गत झरना टोला निवासी शिव शंकर तुरी उर्फ शिबू तुरी 20/04/2024 को अपनी बेटी की शादी के लिए निमंत्रण पत्र बांटने हेतु हरिजन टोला निवासी उपेंद्र राय के मोटरसाइकिल से प्रातः 5:00 बजे सुबह अपने निवास से बोरियों अपने रिश्तेदार के यहां गया हुआ था। घर वापसी के क्रम में बोरियों से तीन - पहाड़ मुख्य मार्ग धोगड़ा पहाड़ के पास अज्ञात बड़ी वाहन से टकराकर अभियंत्रित हो गया जिससे मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे शिव शंकर तुरी उर्फ शिबू तुरी को जोरदार टक्कर लगा और वह बाइक से गिर गया जिसके कारण उसे गंभीर रूप से चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही बोरियों थाना सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रजापति प्रकाश बाबा घटनास्थल पर पहुंचे और उसे फौरन बोरियों अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर के द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए साहिबगंज सदर अस्पताल स्थानांतरण किया गया। जहां साहिबगंज सदर अस्पताल में उनका मृत्यु हो गया। शिव शंकर तुरी उर्फ शिबू तुरी के द्वारा एस.बी.आई शाखा लालमाटी में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सालाना 20 रुपए का बीमा कराया था। इस जीवन ज्योति बीमा के तहत लगभग 5 महीने बाद एस.बी.आई शाखा लालमाटी के ब्रांच मैनेजर रत्नेश कुमार ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद शिव शंकर तुरी की पत्नी सुनीता तुरी के अकाउंट में बीमा की राशि 2 लख रुपए ट्रांसफर कर दिया गया है। एस.बी.आई शाखा लालमाटी के द्वारा जेएसएलपीएस के तहत टैकबैथान मंगलहाट निवासी महिला मालती देवी पति गोकुल मंडल एवं सुकसेना निवासी सीता देवी पति धर्मदेव रविदास को किराना दुकान एवं कपड़ा दुकानदार व्यवसाय के लिए प्रति महिला 50000 हजार रुपए ऋण दिया गया। आज के इस कार्यक्रम में शामिल रीजनल मैनेजर ,एस.बी.आई पाकुड़ प्रशांत कुमार झा, एलडीएम सुधीर कुमार, जीविका बीपीएम राजेश कुमार राजमहल जेएसएलपीएस बैंक सखी नुतन क्षेत्र पदाधिकारी आदित्य कुमार सेवा प्रबंधन एस.बी.आई गयासुद्दीन उपस्थित रहे।




## विधायक ने किया सड़क व स्ट्रीट लाइट के निर्माण का शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत चांडिल प्रखंड के चौका कांड्रा मार्ग धुनाबुरु आईटीआई से जरकेबेड़ा भाया नयाडीह मुनका नाली तक 4.18 किमी सड़क का भूमिपूजन गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। साथ ही विधायक मद से निर्माण होने वाले चांडिल बाजार मेन रोड से अजित दास के घर तरफ पांच सौ फिट पीसीसी व कदमडीह कब्रस्थान में एक स्ट्रीट लाइट निर्माण कार्य का भी शिलान्यास विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा 4 करोड़ 10 लाख कि लागत से धुनाबुरु आईटीआई से जरकेबेड़ा भाया नयाडीह मुनका नाली तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, वही 10 लाख 30 हाजार 9 सौ रुपये कि लागत से पांच सौ फिट पीसीसी व 7 लाख 74 हाजार 6 सौ रुपये कि लागत से स्ट्रीट लाइट का निर्माण होगा। विधायक सविता महतो ने कहा उनके पति पूर्व मुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो के कार्यकाल में 2007 को धुनाबुरु से जरकेबेड़ा भाया नयाडीह मुनका नाली तक सड़क का निर्माण हुआ था और आज फिर से सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा उनके पति के अधूरे विकास कार्य को पूरा किया जा रहा हैं। विधायक ने कहा ईचागढ़ के जनता के मांगों के अनुसार सड़क व स्ट्रीट लाइट का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा विकास कार्यों का निर्माण होने से इसका लाभ जनता को मिलेगी। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया।

विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ में बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का लिया जायजा

## पीड़ित परिवारो के बीच किया राहत सामग्री का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** डैम का जलस्तर में वृद्धि होने पर ईचागढ़ के कोई विस्थापित गांवो में डैम का पानी घुसने से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। गांव में बाढ़ के पानी घुसने की सूचना पर विधायक सविता महतो मंगलवार को ईचागढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो के साथ पातकुम, ईचागढ़, बांदु, बाबू चमदा, कालि चामदा, मौसाड़ा आदि कई गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिले और उनका हाल जाना। साथ ही विधायक ने पीड़ित परिजनों के बीच सूखा राहत सामग्री का भी वितरण किया। इस दौरान विधायक ने लोगों को कहा कि राज्य के जल संसाधन मंत्री राम दास सोरेन से बात कर डैम के 12 रेडियल गेट को 2.5 मीटर करके खोलवाया गया। साथ ही मंत्री ने विभाग के अधिकारी को जलस्तर घटने तक सभी रेडियल गेट को खुला रखने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से रात के समय पास के किसी सरकारी स्कूल भवन या ऊंचे व सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा। इसी क्रम में विधायक ने चांडिल डैम पहुंच कर अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी संग डैम के जलस्तर का भी जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश भी दीए। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड सचिव अभय यादव, किसुन किसकु, सपन आदित्यदेव, सुदामा हेंब्रम, राहुल वर्मा, चांडिल प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, आदि काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।



## पुलिस की बड़ी कारवाई, बिना नंबर प्लेट के दो मोटरसाईकिल जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राधानगर थाना अंतर्गत पूर्वी उधवा दियारा पंचायत के गोहराली टोला में गुप्त सूचना के आधार पर रहमत शेख उर्फ दुबड़ी पिता दुख्खु शेख के घर में छापेमरी की गई। छापेमारी के दौरान दो बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति के घर में चोरी का मोटरसाईकल है, त्वरित गति से छापामारी करने पर मोटरसाईकल सहित अभियुक्त पकड़ा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा चोरी का मोटरसाईकल बरामद करने एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक- 18.09.2024 को छापामारी दल के साथ छापामारी करते हुए दो अलग-अलग जगहों से दो बिना नम्बर प्लेट का मोटरसाईकल हीरो कम्पनी का एचएफ डीलक्स, मोटरसाईकल चेचिस नं एमबीएलएचएडबल्यू 144आर 9बी00327 एवं इंजन नं एच.ए11 ई.सी.आर9बी 00426 तथा एक काला रंग का स्प्लेंडर प्लस जिसका चेचिस नं एम.बी.एल.एच.ए.आर.087 जे.एच.एच22260 एवं इंजन नं एच.ए 10 ए जे.एच.एच.ए 2551 बरामद किए तथा एक अभियुक्त रहमत शेख उर्फ दुबड़ी पिता दुख्खु शेख साकिन गौहरअली टोला पूर्वी उधवा दियारा, थाना राधानगर, जिला साहेबगंज, को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में राधानगर थाना काण्ड सं 153/24 दर्ज कर अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है।

## आरपीएफ ने शराब तस्करों के मंसूबे को किया नाकाम, ट्रैन से अवैध शराब जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** बरहरवा आरपीएफ ने अवैध शराब तस्करों के मंसूबे को फिर से मात देते हुए लगभग 15200 रुपये के अवैध शराब को ट्रैन से बरामद करने में सफलता हासिल की है,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 4:30 बजे गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 15658 अप के गार्ड साइड जनरल कम्पार्टमेंट में अवैध शराब तस्करी कर ले जाया जा रहा है,सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सीपीडीएस टीम सहायक उपनिरीक्षक आर के तिवारी, हेडकंस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल के प्रल्यांकर, कांस्टेबल समीर कुमार और आरपीएफ टीम बरहरवा सहायक उपनिरीक्षक ए.के.हंसदा और कॉन्स्टेबल सहजद अंसारी साथ मिलकर जब ट्रेन नंबर 15658 बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर आई तो बताए गए जनरल कंपार्टमेंट-एनएफ/204056 में छापेमारी कर चेक किया गया तो देखा कि 02 प्लास्टिक के बैग,एक हैंड बैग और एक लेडी हैंड बैग सीट के नीचे पड़ा था। बैठे पैसेंजर से पूछ ताछ किया गया तो किसी ने भी अपना होना नही बताया। उसके बाद सभी बैग को खोल कर चेक किया गया तो उसमे से (1) पीले रंग के प्लास्टिक गनी बैग में 500एमएल के 50 पीस केन बुडवेजर प्रीमियम बीयर (2) सफेद रंग के प्लास्टिक गनी बैग में 500एमएल के 30 पीस केन बुडवेजर प्रीमियम बीयर (3) ग्रे रंग के हैंड बैग में 500एमएल के 25 पीस केन बुडवेजर प्रीमियम बीयर और(4) काले रंग के लेडी हैंड बैग में 750एमएल के 04 पीस मैजिक मोमेंट ग्रेन वोदका मिला।

## राज्य में कहीं भी धरातल पर नहीं दिख रहा है विकास : पारसनाथ उरांव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नामकोम :** प्रखंड के राजाउलातु अन्तर्गत ग्राम सोगोद मुण्डा टोली और बरटोली में आजसू पार्टी की बैठक चमरा विन्हा के अगुवाई में की गई बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारस नाथ उरांव ने अपने संबोधन मे कहा कि जिस उदेश्य के साथ झारखंड राज्य की स्थापना किया गया था। दुर्भाग्य है वो राज्य में कहीं भी विकास धरातल पर नहीं दिख रहा है। खिजरी विधानसभा की जानता विकास के लिए तरस रही है और विधायक पैसा कमाने में मस्त रही है इसलिए खिजरी विधान सभा क्षेत्र की जनता इस बार 2024 की चुनाव में बदलाव के मूड़ हैं। युवा, महिला, बुर्ज अक्रोसित हैं इस बार सभी ने ठाना है हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ के फेंकना है। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, सोनू मुंडा लालू पाहन कुशल मुंडा, बहा कमल, बिरसा कमल, मंगरा मुंडा, रूसू मुंडा, सोहराई मुंडा, अर्जुन बिन्हा, सुकरा बिन्हा, चंदन बिंहा, सुखनाथ कैथा, दानियाल नाग, सिरिल रुंडा, नारायण अहीर, अनुराग बिन्हा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने ईवीएम मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा जिला के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राजमहल, बोरियो, बरहेट विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मोबाइल डोमेस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा समाहरणालय परिसर में ईवीएम डोमेस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। ताकि समाहरणालय आने वाले लोगों को इससे जुड़ी जानकारी दी जा सके। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह -उपायुक्त ने कहा कि मतदाता जागरूकता रथ शहर और गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा कि कैसे ईवीएम व वीवीपैट मशीन कार्य करता है। साथ ही जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, ब्लैक एंड व्हाईट फोटो को कलर फोटो, एड्रेस सुधार कराने आदि कार्यों की जानकारी के अलावा 18 वर्ष पूरे कर चुके अधिक से अधिक फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। ताकि वे अपने मताधिकार की ताकत को जान सके एवं मतदान के दिन वे मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बन सके। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से ईवीएम मोबाइल डोमेस्ट्रेशन वैन के साथ दंडाधिकारियों व पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है ।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का मुख्यमंत्री आवास घेराव 23 को



**साहिबगंज:** झारखण्ड राज्य आंगनवाडी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष सवाना आजमी के अध्यक्षता में प्रखंड परिसर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि सेविका सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी,सेवा निवृति के श्पश्चात पूर्ण पेंशन,नियमावली में सुधार,सेवा निवृति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने,ई पी एफ योजना में शामिल करने,महिला पर्यवेक्षिका में प्रोनति करने, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने,सरकारी विद्यालयों के समान आँगनवाडी केन्द्रों में अक्कार,पोषण देकर रेप से मुक्ति, स्वीप कोष गठन करना,महंगाई,चिकित्सा भत्ता, यात्रा भत्ता आदि मांगो को लेकर आगामी 23 सितम्बर को झारखण्ड राज्य की तमाम सेवक सहियका रांची मोराबादी मैदान पहुंच कर रैली के रूप में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए प्रस्थान करेगी। बैठक में सुमन कुमारी, शबनम खातुन,सवाना आजमी, रेखा देवी, अनिता देवी,सोनी खातून, गीता देवी, रचना देवी, जीतू शर्मा, नीलम ठाकुर,नीलम देवी,पुष्पा देवी,अर्चना देवी,कल्पना देवी सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थी।

### भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण का हुआ समापन




**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन,आरसेटी निदेशक रविंद्र कुमार एवं आरसीटी वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार प्रशिक्षक उपेन्द्र गोप ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 9 प्रखंडों से आए हुए कूल 30 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। वही राजहंस कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जो कि निशुल्क है आप प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना खुद को रोजगार कर बेरोजगारी को दूर कर सकते हैं। जिसमें बैंक आपको सहयोग करेगा अपने कार्यो को स्टार्ट करने मे आरसेटी के प्रशिक्षक ने कहा की प्रशिशुओं को स्वामलंबी बनने हेतु उसको मोटिवेशन के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के गेमों के माध्यम से जैसे रिंग टॉस, टॉवर मेकिंग,बोट बिल्डिंग, आइस ब्रेकिंग से भी उन्हें उत्साहित किया गया। ताकि उसके अंदर उद्यमशीलता की भावना जागृत हो और स्वयं को रोजगारी बनाएं। मौके पर आरसेटी के 30 प्रशिक्षुओं का असेसमेंट एंड सर्टिफिकेशन किया गया सर्टिफिकेशन के एसेसर कमलाकांत सिंह और एमडी आलम खान ने किया। मौके पर आरसेटी के रंजीत कुमार, आकाश कुमार, नीरज शर्मा,प्रकाश कुमार उपस्थित थे।

### सऊदी अरब से हज उमरा कर अपने वतन को लौटे हाजी



**सिल्ली :** बोकारो जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड झारखंड के तत्वाधान से चंद्रपुरा बोकारो देवघर तेलों धनबाद मुरी के 49 जायरीन का जत्था हज उमरा के लिए ले जाया गया था जिसकी अगवाई मौलाना मुस्लिम मिस्बाही मुक्ति सफाक मिस्बाही अत्ताउल्लाह मिस्बाही अब्बास अंसारी सिकंदर अंसारी कर रहे थे सभी को मक्का शरीफ में अपने साथ जियारत करवाई और मक्का शरीफ का तवाफ कराया और मोहम्मद सल्लालहो अलैहि वा सल्लम की रोजा मुबारक की जियारत करवाया फिर मक्का से सभी हाजियों को 480 किलोमीटर दूर मदीना शरीफ की जियारत करवाई जहां पर सभी हाजियों ने अपने मुल्क हिंदुस्तान और अपने परिवार की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई और सभी को साथ में लेकर 18 सितंबर को अपने वतन हिंदुस्तान दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर झारखंड हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हाजी आलमगीर साहब मैनेजर हाजी महबूब आलम ने माला पहनकर सभी हाजियों का जोरदार स्वागत किया गया सभी हाजियों के परिवार वाले एयरपोर्ट पहुंचे थे सभी ने एक दूसरे को फूल माला पहनकर स्वागत किया हज में जाने वाले लोग मोहम्मद अब्दुल वाहिद सिराज अब्दुल्लाह अंसारी बानो बेबी हिना बेबी रुखसाना मोहम्मद तसलीम अब्दुल कलीम अब्दुल जब्बार अंसारी आदि मौजूद थे।

**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Khunti**
1st Floor, Collectorate Office Building, Khunti -835210

Tender Reference No: - 696 Date: - 19-09-2024

**Expression of Interest for supply of ANGANWADI KITS FOR EARLY EDUCATION OF CHILDREN in Aanganwadi Centres, Khunti**

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name Of The Work | Selection of Agency for Rate Contract for Supply of Anganwadi Kits for early education of children in Aaganwadi Centers, Khunti |
| 2. | Date of Issue of RFP | Date: |
| 3. | Last Date for submission of Proposal | Date: 30-09-2024 Time: 3:00 p m |
| 4. | Date of opening of Technical Proposal | Date: 30-09-2024 Time: 3:30 pm |
| 5. | Date of opening of Financial Proposal | Date: 30-09-2024 Time:3:30 pm |
| 6. | Time allowed for completion | 90 days from the date of the work order. |
| 7. | Bid Processing Fee(Non-refundable) | INR 5000/- [Rupees Five Thousand only] in the form of a Demand Draft drawn in favor of drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Khunti. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| 8. | Earnest money deposit(EMD) (Refundable) | INR 3,00,000 /- (Rupees Three Lakh only) in the form of a Demand Draft drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Khunti. The EMD shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| 9. | Address at which the tenders are to submitted: | District Social Welfare Office, Khunti |

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Place of opening tenders: | Collectorate Conference Hall, Khunti |
| 2. | Mode of submission | Speed Post/Registered Post/By Hand only to the address as specified above during the office hour only. Submission of bid through any other mode and late submission of bids will be rejected. |

PR 336215 District(24-25)#D

DSWO KHUNTI



# केमिकल्स से पके फलों की कैसे करें पहचान?

दूध और हरी सब्जियों के अलावा फल भी हमारी सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं। सेब, अनार, केला, संतरा और पपीता ऐसे फल हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप सप्ताह में दो दिन किसी भी फल का सेवन करते हैं, तो आप बीमारियों से बचे रहने के साथ आपकी इम्युनिटी भी बढ़ती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि नेचुरल तरीके से पके फल ही आपकी सेहत के लिए अच्छे होते हैं। केमिकल में पकाए हुए फल आपके लिए बहुत हानिकारक होते हैं। ऐसे में आपको पहचान होनी चाहिए कि जो फल आप खा रहे हैं, कहीं वे किसी केमिकल में तो नहीं पकाए गए हैं।

## केमिकल्स से पके फलों की ऐसे करें पहचान

- केमिकल्स से पके फलों को पहचानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आपको उस फल पर हरे पैचेज देखने को मिलेंगे। जिस हिस्से पर केमिकल लगा होगा, वे पीला रहेगा बाकी बीच-बीच में हरा दिखाई देगा, जबकि प्राकृतिक रूप से पके हुए फल में हरे-पीले रंग के कोई पैचेज नहीं दिखाई देंगे।
- केमिकल से पकाए हुए आम को काटने पर वे अंदर से कहीं पर पीला तो कहीं पर सफेद रंग का नजर आएगा। जबकि पेड़ पर प्राकृतिक रूप से पका हुआ फल पूरी तरह पीला नजर आता है।
- केमिकल से पके हुए फल का छिलका ज्यादा पका हुआ होगा लेकिन अंदर से इसमें कच्चापन हो सकता है।
- केमिकलयुक्त फल खाने पर मुंह का स्वाद कसैला हो जाता है और मुंह में हल्की जलन भी होने लगती है। इसके अलावा कई बार ऐसे फल खाने के कुछ देर बाद पेट दर्द या उल्टी की समस्या या डायरिया की शिकायत भी हो सकती है।

## रखें सावधानियां

- आपको बाजार से लाकर फल को और भी अच्छी तरह धो लेना चाहिए। फल खरीदकर लाने के तुरंत बाद उसे पानी से अच्छी तरह धो लें।
- खाने से पहले आम को गुनगुने पानी में कम से कम 5 मिनट के लिए भिगोकर जरूर रखें। उसके बाद उन्हें दोबारा दूसरे पानी से धोकर ही खाएं।





# ड्योडरेंट-परफ्यूम को ऐसे सूंघने से काम करना बंद कर देगा दिल

## मजे में जा सकती है जान

शरीर की पांच इंद्रियों में से एक सूंघने की शक्ति है। कुछ चीजों की गंध नाक और दिमाग को बहुत पसंद आती है। फूल, गीली मिट्टी से शुरू होकर यह ड्योडरेंट, परफ्यूम, पेंट, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल, मिट्टी का तेल तक जा सकती है। मगर क्या आप जानते हैं कि ड्योडरेंट, परफ्यूम, जैसे केमिकल व गैस वाली चीजों को सूंघने से कार्डियक अरेस्ट पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक डॉनकेस्टर में रहने वाले 12 साल के लड़के को कथित तौर पर पसीना रोकने वाला ड्योडरेंट सूंघना भारी पड़ गया। वह सोशल मीडिया पर चल रहा ट्रेंड फॉलो कर रहा था, जिसमें ड्योडरेंट की कैन से पदार्थ सीधा सूंघना था। इंटरनेट पर चल रहे इस ट्रेंड को काफी फैन्सी नाम दिया गया है। इस ट्रेंड को क्रोमिंग कहते हैं। इसमें ड्योडरेंट, हेयरस्प्रे, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल आदि को सूंघना होता है। इस इंटरनेट स्लैंग का जन्म ऑस्ट्रेलिया में माना जाता है। जिसका शरीर पर खतरनाक असर हो सकता है और जान जा सकती है।

### लड़के को आया कार्डियक अरेस्ट

रिपोर्ट में पीड़ित की मां ने बताया कि पदार्थ सूंघने के बाद उसे जमीन पर दौरे आ रहे थे। उसे तुरंत सीपीआर दिया गया और एंबुलेंस को बुलाया गया। अस्पताल में पहुंचकर और दौरे पड़े और कोमा की स्थिति में पहुंच गया। डॉक्टर अभी भी उसके इलाज में लगे हुए हैं।

### क्रोमिंग कैसे करते हैं?


द रॉयल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल मेलबर्न के मुताबिक क्रोमिंग का असली मतलब क्रोम-बेस्ड पेंट को सूंघना था। मगर समय के साथ यह बदल गया है और इसमें नशा करने के लिए खतरनाक चीजों का इस्तेमाल करना भी जुड़ गया है। इसमें लोग कपड़े पर पदार्थ डालकर या सीधा कंटेनर से उसे भारी मात्रा में सूंघते हैं।

### इन चीजों से होती है क्रोमिंग

- पेट्रोल या मिट्टी का तेल या उससे बनी चीजें
- पेंट थिनर, स्प्रे पेंट, परमानेंट मार्कर
- नेल पोलिश रिमूवर
- हेयरस्प्रे, ड्योडरेंट, लाइटर फ्लूइड, आदि
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- सिरदर्द, चक्कर आना
- धड़कन तेज होना, टैकिडाइस्रिदमिया
- दौरे पड़ना
- डिस्पोनिया
- डिमेंशिया, एटेक्सिया
- कार्डियक अरेस्ट, आदि

### कैसे पड़ता है कार्डियक अरेस्ट का अटैक

कार्डियक अरेस्ट दिल से जुड़ा अटैक है। इसमें दिल अचानक से धड़कना बंद कर देता है। इसकी वजह से दिमाग को ताजा और ऑक्सीजन से भरपूर खून नहीं मिला पाता और बेहोशी या मौत हो सकती है। इस स्थिति में मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।



# खानपान के माध्यम से आसानी से बढ़ाएं प्लेटलेट्स

**एक स्वस्थ शरीर की निशानी है शरीर में प्लेटलेट्स की सही मात्रा होना एवं उनका सही तरीके से काम करना। लेकिन प्लेटलेट्स की कमी होने का नुकसान आपके शरीर एवं स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता है। अपने खानपान के माध्यम से आप आसानी से प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा कर सकते हैं।**

- प्रोटीन, विटामिन ए, सी, के, फोलेट, जिंक, फोलिक एसिड, सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना, प्लेटलेट्स में वृद्धि करने में कारगर उपाय साबित होगा।
- अपनी डाइट में दही, आंवला, लहसुन, ग्रीन टी के साथ ही नारियल पानी और अनार, पपीता, सेब, चुकंदर जैसे फलों को भी शामिल करें साथ ही पपीते के पत्तों का रस पीना भी एक लाभप्रद उपाय है।
- रोजाना एलोवेरा का सेवन भी इसके लिए फायदेमंद है। 20 से 25 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन एलोवेरा का गुदा खाएं या फिर इसका जूस बनाकर पिएं।
- व्हीटग्रास यानि ज्वारों का उपयोग भी प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मददगार है। रोजाना सुबह खाली पेट ज्वारे का रस निकालकर पीने से धीरे-धीरे प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा होगा।
- गिलोय का प्रयोग भी इसके लिए एक रामबाण उपाय है। गिलोय को तुलसी के साथ मिलाकर दोनों को अच्छी तरह उबालें और काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े का रोजाना प्रयोग लाभदायक होगा।

आम तौर पर खून की कमी को एनीमिया के रूप में देखा जाता है। आयरन की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों, महिला खिलाड़ियों, सर्जरी या एक्सीडेंट के मरीजों में एनीमिया का खतरा अधिक होता है। वहीं महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले रक्तस्राव एवं गर्भावस्था के कारण यह समस्या हो सकती है।

## रक्ताल्पता से बचने के आसान टिप्स

- एनीमिया की समस्या से बचने के लिए, रेड मीट, सी-फूड और अंडा फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं, तो सोयाबीन, मटर, सूखे मेवे और एप्रिकॉट आपके लिए बेहतर विकल्प है।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ मक्का और अलग-अलग तरह की दालों को अपने भोजन में शामिल करें। इससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी, जो एनीमिया का प्रमुख कारण है।
- नाश्ते और खाने में फलों को शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी, शरीर में आयरन को सोखने में एवं उसकी क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।
- चाय या कॉफी को ज्यादा कड़क करके न पिएं, इससे शरीर को आयरन को सोखने में कठिनाई होती है ।
- बगैर डॉक्टर की सलाह के, आयरन की गोलियों का सेवन बिल्कुल न करें। खून की जांच और डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही इनका सेवन करें, क्योंकि शरीर में आयरन की अधिकता आपके लिए मुसीबत बन सकता है।





# स्किन एलर्जी से परेशान लोग

## अपनाएं ये घरेलू उपाय

घरेलू उपचार हमेशा से ही भारतीय घरों का हिस्सा रहे हैं। यदि पेट में दर्द हो या फिर कहीं चोट-खरोंच लग गई हो, घर वाले डॉक्टर के जाने से पहले घरेलू नुस्खे आजमाने की नसीहत देंगे। इन घरेलू उपचारों में काफी दम होता है, इसलिए यह स्किन में होने वाली छोटी-मोटी एलर्जी को भी ठीक कर सकते हैं। स्किन एलर्जी आज-कल हर किसी के लिए समस्या बनी हुई है। कभी किसी खाने के चलते तो कभी किसी क्रीम या कॉस्मेटिक के चलते स्किन पर रैशेज, पिंपल और खुजली की समस्या होने लगती है, जो कई बार चेहरे और शरीर पर कई तरह के निशान भी छोड़ जाती है। स्किन एलर्जी फूड एलर्जी से काफी अलग होती है और काफी परेशान भी करती है। स्किन एलर्जी में कई बार शरीर में दाने, या फिर हल्के लाल धब्बे आने लगते है। स्किन एलर्जी खासकर तब होती है, जब कोई इरिटेंट या फिर एलर्जी आपकी त्वचा के संपर्क में आती है और आपका इम्यून सिस्टम उन्हें रोकने के लिए एंटीबॉडी रिलीज करती है। कई बार यह एलर्जी सामान्य तो कभी गंभीर हो सकती है। अगर आप भी त्वचा की एलर्जी के लक्षण खुद में नजर आ रहे हैं, तो तुरंत राहत पाने के लिए आप इन घरेलू उपायों को अपना सकते हैं-

### नारियल का तेल

नारियल का तेल स्किनकेयर के लिए सबसे बेहतरीन तेल है। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं जो एलर्जी होने की स्थिति में यह त्वचा को सुरक्षित करता है। यही नहीं, नारियल का तेल एलर्जी के कारण होने वाली खुजली को भी कम करता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में थोड़ा सा नारियल तेल लें और इसे 5 सेकेंड के लिए थोड़ा गर्म करें। फिर इस गर्म तेल को उस जगह पर लगाएं, जहां आपको एलर्जी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। याद रहे इसे एलर्जी वाले जगह पर लगाकर छोड़ दें, मालिश न करें। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें। आप नारियल तेल का इस्तेमाल 3-4 घंटों के बाद फिर कर सकते हैं। इससे स्किन एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

### एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर को सामान्य तौर पर लोग वजन कम करने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए करते हैं। लेकिन, यह सिर्फ वजन कम करने या डायजेशन को ठीक करने में ही नहीं, बल्कि शानदार स्किनकेयर एजेंट भी है। इसमें एसिटिक एसिड होता है जो त्वचा में होने वाली खुजली और एलर्जी के प्रभाव को कम करता है। हालांकि, सेंसिटिव स्किन पर इसके इस्तेमाल की सलाह नहीं दी जाती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कप गर्म पानी में एक टेबलस्पून एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। अब कॉटन की हेल्प से इस मिश्रण को इफेक्टिव एरिया में लगाएं। अब इसे सूखा होने के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम दो बार ऐसा कर सकते हैं।



# आंखों में ताजगी भरकर शरीर को बनाएं एनर्जेटिक

आपके शरीर पर थकान का सबसे पहला असर आपकी आंखों पर दिखता है। आंखें इतनी अधिक संवेदनशील होती हैं कि आप शारीरिक और मानसिक तौर पर कैसा अनुभव कर रहे हैं, इसकी साफ-साफ झलक आपकी आंखों में देखी जा सकती है। थकान होने पर आंखों के चारों तरफ काले घेरे अधिक डार्क हो जाते हैं और आंखों की चमक फीकी पड़ जाती है। यहां जानें इस स्थिति में किस तरह आंखों में तुरंत चमक बढ़ाई जा सकती है और थकान को दूर किया जा सकता है.

### आंखों की थकान दूर करने का सबसे आसान तरीका

- बोझिल आंखों में नई जान फूंककर फिर से चमक बढ़ानी है तो अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़ें।
- थेली रगड़ने की शुरुआत धीमी गति से करें और फिर धीरे-धीरे स्पीड बढ़ा दें। जब हथेलियां पूरी तरह गर्माहट देने लगें तो धीमी गति के साथ ही इन्हें रगड़ना बंद करें और अपनी आंखों पर 30 सेकंड्स के लिए रख लें।
- एक समय पर आप दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं आपको बहुत अधिक लाभ मिलेगा। क्योंकि हथेलियों को रगड़ने से एक्युप्रेशर पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।
- हथेलियों की गर्माहट से आंखों का तनाव कम होता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से स्फूर्ति आती है।

**लंबे समय तक काम करने, मोबाइल पर व्यस्त रहने या टीवी देखने के कारण भी आंखों में थकान हो जाती है। इस कारण पूरे चेहरे का नूर गायब हो जाता है। साथ ही आप मानसिक रूप से भी थका हुआ अनुभव करने लगते हैं। यहां बताए गए तरीकों से आंखों में ताजगी भरकर आप पूरे शरीर को एनर्जेटिक बना सकते हैं।**

## आंखों की थकान दूर करने का तरीका

### आंखों को ठंडे पानी से धोएं

- आंखों की थकान दूर करने का दूसरा आसान तरीका है कि आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धुलें। इसके लिए फ्रिज का पानी और सामान्य पानी को आधा-आधा मिला लें। अब इस पानी से आंखों पर छींटे दें। आपको तुरंत ताजगी का अनुभव होगा।

### ठंडे दूध का उपयोग

- फ्रिज में रखे हुए दूध को दो चम्मच निकाल लें। अब इस दूध में रुई को भिगोकर दोनों आंखों पर रख लें। करीब 3 से 4 मिनट के लिए रुई को आंखों पर रखने के बाद इसे हटा दें और आंखों को ताजे पानी से साफ कर लें। आप एक नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर अनुभव करेंगे।

### बर्फ से सेक करें

- आंखों के नीचे की सूजन कम करने, डार्क सर्कल का असर हटाने और थकान मिटाने के लिए आप आइस क्यूब्स का उपयोग करें।
- फ्रिज से आइसक्यूब निकालें उसे हल्का-सा धुल लें। इसके बाद कॉटन के साफ रुमाल में लपेटकर आंखों की सिकाई करें। बस 2 से 3 मिनट की सिकाई काफी है और आपकी आंखों में ताजगी नजर आएगी।

# देशभर में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू, यूपी ने यागी तूफान का असर

**–दिल्ली में लोगों को मिली राहत, उत्तराखंड में हो सकती है झमाझम**



नई दिल्ली। (एजेंसी)। देशभर में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली-एनसीआर से यूपी-बिहार तक में बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिससे मौसम ठंडा हो गया है। वहीं लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दिल्ली-यूपी ही नहीं पहाड़ों पर भी बारिश का दौर जारी रहेगा। आईएमडी के मुताबिक आज दिल्ली, यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब में फिर झमाझम होने वाली है।

दिल्ली में विगत दिवस से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को भी दिल्ली में सुबह से ही बादल छाए रहे। जो कुछ इलाकों में बरस भी सकते हैं। बारिश होने से दिल्ली का मौसम सुहावना हो गया है। वहीं तापमान में ही गिरावट आ सकती है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है। दिल्ली में एक दो दिन ही हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इस बार दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।

यूपी में यागी चक्रवात तूफान का प्रकोप देखने को मिल, जिसकी वजह कई इलाकों में जोरदान बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यूपी के 43 जिलों में बारिश के साथ ही वज्रपात की भी संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक गुरुवार अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, गाजीपुर, आजमगढ़, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी में भारी बारिश हो सकती है। वहीं बिहार में भी मौसम का मिजाज बदल रहा है। वहां अगले 24 घंटे में सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर हल्की बारिश हो सकती है।

मैदानी व पहाड़ी इलाकों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली में पहले ही येलो अलर्ट जारी कर दिया है। गुरुवार को उत्तराखंड में झमाझम बारिश हो सकती है। वहीं मसूरी में भी बुधवार से रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

वहीं राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र ने बताया है कि आज पूर्वी राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। जिसकी वजह मध्यप्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र है। गुरुवार को राजस्थान के कई हिस्सों में बादल गरजने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश के आसार हैं।

## पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने यूपीएससी के झूठी गवाही के दावे पर जारी किया नोटिस



यूपीएससी ने पूर्व ट्रेनी आईपीएस पूजा खेडकर के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। यूपीएससी ने आरोप लगाया कि उन्होंने अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए झूठे दस्तावेज प्रस्तुत करके झूठी गवाही दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यूपीएससी के इस आरोप पर पूजा खेडकर का पक्ष जानना चाहा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर से आयोग के आवेदन पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। उनकी गिरफ्तारी-पूर्व जमानत याचिका पर कार्यवाही में दायर किया गया है। खेडकर ने कथित रूप से आरक्षण का लाभ पाने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के लिए अपने आवेदन में गलत सूचना दी। हाई कोर्ट इससे पहले मामले में उन्हें अग्रिम जमानत दे चुका है। यूपीएससी और दिल्ली पुलिस दोनों ने अग्रिम जमानत की उनकी याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि उन्हें किसी भी तरह की राहत देने से गहरी साजिश की जांच में बाधा उत्पन्न होगी और इस मामले का जनता के विश्वास के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की ईमानदारी पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

## केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की बढ़ी मुश्किलें, राहुल के खिलाफ बयान देने पर बेंगलुरु में एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बयान देने पर कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारत में सिखों की स्थिति के बारे में बयानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता पर हमला करते हुए रेल राज्य मंत्री ने रविवार को कहा कि अगर 'बम बनाने वाले' उनका समर्थन कर रहे हैं, तो वह 'नंबर एक आतंकवादी' हैं। कांग्रेस ने बयान की निंदा करते हुए कहा था कि बिट्टू 'बेवकूफ आदमी की तरह' बात कर रहे हैं। कांग्रेस लगातार रवनीत सिंह बिट्टू से माफी की मांग कर रही है। रवनीत सिंह बिट्टू इससे इनकार कर रहे हैं। वह कांग्रेस को चुनौती भी दे रहे हैं। एक बयान में रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि यह कांग्रेस अध्यक्ष हैं जिन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह गांधी की टिप्पणियों से सहमत हैं। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मुझे क्यों माफी मांगनी चाहिए? हमने पंजाब में अपनी पीढ़ियों खो दी हैं। गांधी परिवार ने पंजाब को जला दिया। उनकी (गांधी परिवार की) गलतियों के कारण पंजाब में जो आतंकवाद पैदा हुआ, उसे ठीक करने में 35,000 लोगों की जान चली गई, यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी अपनी जान देनी पड़ी।

# भारत की संस्थाओं को बदनाम करने वालों को कोई सम्मान नहीं मिलना चाहिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत की संस्थाओं को बदनाम करने वालों को कोई सम्मान नहीं मिलना चाहिए। संसद भवन में गुरुवार को संसद टीवी@3 कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कैसे देश के अंदर और बाहर कुछ लोग भारत की संस्थाओं और राष्ट्रीय प्रगति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। धनखड़ ने कहा, क्या हम ऐसे व्यक्ति की प्रशंसा कर सकते हैं जो देश के भीतर और बाहर देश को बदनाम कर रहा है हमारी पवित्र संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे हमारी उन्नति प्रभावित हो रही है। क्या हम इसे नजरअंदाज कर सकते हैं? मेरा वादा है कि मैं, युवा लड़के और लड़कियों के साथ कभी अन्याय नहीं होने दूंगा।



धनखड़ ने राष्ट्रीय विमर्श को आकार देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने पत्रकारिता में व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण से दूर जाने और संस्थानों के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें उन मुद्दों को संबोधित करना होगा, जो सिर्फ चुनिंदा व्यक्तियों पर आधारित नहीं हैं। हम व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण कैसे अपना सकते हैं हमारी पवित्र संस्थाओं को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। वैश्विक मंच पर राष्ट्र की छवि को सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि हम विशेष रूप से देश के बाहर भारत की गलत तस्वीर को चित्रित नहीं कर सकते। हर भारतीय, जो इस देश से बाहर जाता है, वह इस राष्ट्र का राजदूत है। उसके दिल में राष्ट्र और राष्ट्रवाद के लिए शत प्रतिशत प्रतिबद्धता के अलावा कुछ भी नहीं होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने भारत के खिलाफ खतरनाक मंसूबे रखने वालों से सावधानी बरतने के लिए कहा है। उन्होंने देशविरोधी ताकतों द्वारा राष्ट्र के खिलाफ उत्पन्न किये जाने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम उन लोगों के साथ संबंध नहीं रख सकते, जिनका अस्तित्व ही भारत के विरोध से स्थापित है। वे भारत के अस्तित्व को चुनौती देने के लिए घातक रूप से आकांक्षी हैं।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट करते हुए धनखड़ ने अनुचित आलोचना की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम केवल आलोचक रह गए हैं जबकि हमारा ध्यान विकास पर केंद्रित होना चाहिए। हमारे एजेंडा में विकास की बात जितनी की जानी चाहिए उससे काफी कम है। हमें हमारे एजेंडा को एक नया स्वरूप देना होगा जो विकास और राष्ट्रीय प्रगति पर आधारित होगा।

प्रत्येक लोकतांत्रिक संस्था को अपनी परिभाषित संवैधानिक सीमाओं के भीतर काम करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने रेखांकित किया कि संविधान ने प्रत्येक संस्था की भूमिका को परिभाषित किया है और प्रत्येक को अपने संबंधित क्षेत्र में सर्वोच्च प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई संस्था किसी विशेष मंच से किसी दूसरी संस्था के बारे में कोई टिप्पणी करती है, तो वह विधिशास्त्रीय दृष्टि से अनुचित है। इससे पूरी व्यवस्था के संतुलन को खतरा है। विधिशास्त्रीय दृष्टि से संस्थागत अधिकार क्षेत्र सिर्फ और सिर्फ संविधान द्वारा परिभाषित किया जाता है और किसी के द्वारा नहीं। राष्ट्रीय विकास के लिए सामूहिक और निष्पक्ष प्रयासों का आह्वान करते हुए धनखड़ ने आग्रह किया कि राष्ट्र की प्रगति को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

## जानिए दोस्ती का असली मतलब! 'खो गए हम कहां' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर

**मुंबई :** दोस्ती वो रिश्ता है जो हमारी ज़िंदगियों को जोड़ता है। 21 सितंबर रात 9 बजे, 'खो गए हम कहां' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए एंड पिक्चर्स से जुड़ जाइए, क्योंकि ये एक ऐसी फिल्म जो दोस्ती के इस खास रिश्ते को बड़ी खूबसूरती से दिखाती है। ऑन नहीं, फुल ऑन एंटरटेनमेंट देने के लिए मशहूर, एंड पिक्चर्स एक दिल छू लेने वाली फिल्म पेश कर रहा है जो दोस्ती से कहीं ज्यादा गहरी है। अपनी बेमिसाल और भरोसेमंद फिल्मों के साथ, एंड पिक्चर्स आज के युवाओं के साथ बखूबी तालमेल बिठाता है, और उनके सपनों, चुनौतियों और आकांक्षाओं को दशार्ता है। ह्यखो गए हम कहांह्न प्यार, खुद की खोज और रील एवं रियल दुनिया के बीच टकराव के एक भावुक सफर पर आधारित है। अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव की शानदार तिकड़ी द्वारा अभिनीत और अर्जुन सिंह द्वारा निर्देशित, ये कहानी मुंबई के जिंदादिल शहर में रची-बसी है, जहां तीन करीबी दोस्त जिंदगी के उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं। जैसे-जैसे ये किरदार खुशी, दिल टूटने और खुद को जानने के एहसास से गुजरते हैं, वे दोस्ती की गहराई में उतरते चले जाते हैं। ह्यखो गए हम कहांह्न भी जड़ से जुड़े रहने और सच्चाई को अपनाने की अहमियत बताती है, चाहे जिंदगी आपको कहीं भी ले जाए। आदर्श गौरव, जो इस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं, ने कहा, "मैं एंड पिक्चर्स पर खो गए हम कहां के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह फिल्म दोस्ती, जुदाई और इंसानी रिश्तों की एक दिल छू लेने वाली कहानी है। मेरा मानना है कि इसे देखने वाला हर इंसान इस कहानी में खुद का एक हिस्सा पाएगा, और यह उन्हें अपने असली स्वरूप के प्रति सच्चे रहने और अपने रिश्तों को संजोने की अहमियत बताएगी।" दोस्ती और खुद की तलाश की इस खूबसूरत कहानी को देखना न भूलें।

## मछली के जाल में फंसा 28 किलो का कछुआ,वन विभाग को सौंपा

कोलकाता। मेदिनीपुर शहर के नजरगंज क्षेत्र में कंसाई नदी मछली पकड़ने वाले जाल में 28 किलो का कछुआ फंस गया। पर्यावरण प्रेमियों की मदद से उसका प्राथमिक उपचार किया गया और वन विभाग को सौंप दिया गया। मछुआरे मोहम्मद नजीरुद्दीन ने मछली पकड़ने के दौरान जब अपना जाल नदी से बाहर निकाला, तो उसे महसूस हुआ कि कोई बड़ी मछली फंस गई है। जब उन्होंने जाल को किनारे पर खींचा, तो उन्हें एक विशाल कछुआ दिखाई दिया। इसका वजन करीब 28 किलोग्राम था। वन विभाग ने कछुए का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। कछुए की प्रजाति के बारे में बताया गया कि यह गहरे पानी में रहने वाले कछुओं में से एक है, जिनकी औसत आयु 100 से 150 वर्ष तक हो सकती है। वन विभाग ने देबराज चक्रवर्ती, मोहम्मद नजीरुद्दीन और सभी सहयोगियों को उनके इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए धन्यवाद दिया है। यह खबर तेजी से पूरे इलाके में फैल गई और कछुए को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। इस बीच, मेदिनीपुर के निवासी और वन्यजीव प्रेमी देबराज चक्रवर्ती, जिन्हें 'सर्पबंधु' के नाम से भी जाना जाता है, को घटना की सूचना मिली। देबराज तुरंत मौके पर पहुंचे और कछुए को सुरक्षित निकालकर बचाव कार्य किया। बाद में, देबराज और उनके दोस्तों ने इस कछुए को रूपनारायण प्रभाग के वनकर्मियों के हवाले कर दिया।

## मुंबई एयरपोर्ट पर एक करोड़ का सोना जब्त, हवाईअड्डे के पांच कर्मचारी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर काम करने वाले कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट के अधिकारियों ने सोने की तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए हवाईअड्डे पर कार्यरत पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों में यह पांचवां मामला है जब हवाई अड्डे के कर्मचारियों को सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त खबर के अनुसार कस्टम विभाग के अधिकारियों को विशेष सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट के कुछ कर्मचारी सोने की तस्करी कर रहे हैं। इसके मुताबिक उन्होंने कुछ कर्मचारियों को निगरानी में रखा था। जब सलीम अनवर नाम का कर्मचारी शौचालय से बाहर आया तो अधिकारियों ने उससे पूछताछ की और तलाशी ली। वह अपनी कमर के चारों ओर एक मोजे में सोने का पाउडर छिपाते हुए पाया गया था। उसने कबूल किया कि एक यात्री ने उसे पाउडर दिया था। हालाँकि, उसने अधिकारियों को यह भी बताया कि उसने इसे अपने पर्यवेक्षक के निर्देश पर लिया था। जब अधिकारियों ने उसके सुपरवाइजर से पूछताछ की तो उसने तस्करी की बात कबूल कर ली। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके साथ तीन और लोग काम कर रहे हैं। इनमें एक महिला भी शामिल थी। अधिकारियों ने उसके पास से डेढ़ किलो सोना जब्त किया है। इस सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये है। अधिकारियों को जानकारी मिली है कि कर्मचारी विदेश से आने वाले यात्रियों से सोना एयरपोर्ट के बाहर पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

## जीटीबी अस्पताल शूटआउट में शामिल 2 गैंगस्टर धरदबोचे

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में स्थित खतौली में गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी पुलिस ने हाशिम बाबा गैंग के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। सूचना के आधार पर दो गैंगस्टर्स को घेरा गया, फिर दोनों तरफ से हुई फायरिंग के बाद एनकाउंटर में दोनों शूटर्स को धर दबोचा गया। पुलिस का कहना है कि इस घटना में दोनों शूटर्स को गोली लगी है। हालांकि वो खतरे से बाहर हैं। दावा किया गया कि हाशिम बाबा दिल्ली की तिहाड़ जेल में रहते हुए यह गैंग चला रहा है। उसके पास मोबाइल फोन तक उपलब्ध है। ये गैंग जीटीवी अस्पताल मर्डर केस में शामिल है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर खतौली बाइपास पर यह एनकाउंटर हुआ। पुलिस ने जब इन अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने गोली चला दी। ऐसे में जवाबी फायरिंग में दोनों गैंगस्टर घायल हो गए। इस मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से कुल 8 राउंड गोलियां चली। एक गैंगस्टर की पहचान अनस के रूप में हुई है। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आशिम बाबा भले ही तिहाड़ जेल में बंद हो लेकिन उसके पास वहां मोबाइल तक उपलब्ध है।

## कोलकाता में हड़ताली डॉक्टरों का आरोप- पुलिस के दबाव में डेकोरेटर्स ने हटाए टेंट, पंखे

**कोलकाता :** राज्य स्वास्थ्य भवन के सामने टेंट लगाकर धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार को कोलकाता पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। इन डॉक्टरों ने कहा कि पुलिस के दबाव के चलते डेकोरेटर्स ने धरनास्थल से टेंट, बांस के खंभे और पंखे हटा लिये हैं। हालांकि पुलिस ने इन आरोपों को निराधार बताया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि बुधवार रात आधी रात को उन डेकोरेटर्स को धरनास्थल से टेंट और अन्य सामान हटाते देखा गया, जिन्होंने सहयोग के तौर पर यह सामान उपलब्ध कराए थे। एक जूनियर डॉक्टर ने बताया कि जब टेंट हटाए जाने लगे तो कुछ भ्रम पैदा हुआ लेकिन उन्हें आशवासन दिया गया कि जल्द ही यह सामान फिर से लगाया जाएगा। हड़ताली डॉक्टरों ने कहा कि इस धरने के लिए सभी व्यवस्थाएं जनता के समर्थन से की जा रही हैं। कुछ डेकोरेटर्स स्वयंसेवी रूप से टेंट, पंखे, बांस के खंभे और अस्थायी बिस्तर उपलब्ध करवा रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि वे सामान क्यों हटा रहे हैं तो उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के मंडप बनाने के लिए उन्हें इन सामानों की आवश्यकता है लेकिन वे जल्द ही इसे बदल देंगे।

## केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग फिर गुलजार, आस्था पथ पर बिखरी रौनक



एजेंसी



**देहरादून :** उत्तराखंड की विश्वविख्यात चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। सबसे अधिक क्रेज केदारनाथ धाम को लेकर है। समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम में अब तक 11 लाख 45 हजार 897 तीर्थयात्री शीश नवा चुके हैं। केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा सुचारू है। वहीं पैदल यात्रा के लिए सोनप्रयाग-गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग सुचारू है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के ड्यूटी ऑफिसर व प्रमुख निजी सचिव एसके अग्रवाल की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार चारों धामों में अब तक 35 लाख 36 हजार 986 तीर्थयात्री हाजिरी लगा चुके हैं। केदारनाथ धाम जैसी विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले क्षेत्र में तीर्थयात्रियों को सरकार से लेकर प्रशासन स्तर पर बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार यात्रियों को सबसे अधिक मदद आस्था पथ से मिल रही है। जबकि पैदल मार्ग और धाम में जगह-जगह बनाए गए रेन शेल्टर भी यात्रियों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। यात्रियों को पैदल मार्ग और धाम में एलईडी टीवी के जरिए मौसम, स्वास्थ्य सहित अन्य लाभकारी जानकारियां लगातार दी जा रही हैं। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरी यात्रा पर नजर रखी जा रही है। पैदल मार्ग पर साफ-सफाई की भी अच्छी व्यवस्था की गई है।

**सरकार से लेकर प्रशासन तक अलर्ट, सुरक्षा जवान मुस्तैद**

चारधाम यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें न हों, इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कड़ी नजर है और प्रशासन का भी पूरा ध्यान है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
National Programme for Control of Blindness

मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव क्योंकि, लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना
- उम्र का बढ़ना

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

सभी सरकारी अस्पतालों में
नेत्र जाँच एवं उपचार
की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें
- धूम्रपान और शराब का सेवन न करें।

PR- 335666 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

104
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**